3. According to Jean Piaget the ability to use symbols for symbols such as letting the letter X stand for an unknown numeral develops during ________ and enables the children to learn ________.

(1) concrete operational stage; conservation and seriation

(2) formal operational stage; algebra and calculus

(3) formal operational stage; conservation and seriation

(4) concrete operational stage; algebra and calculus

जीन पियाजे के अनुसार चिन्हों के लिए चिन्हों का प्रयोग करने की क्षमता जैसे कि अक्षर X को अज्ञात अंक के लिए मानने की क्षमता ________ के दौरान विकसित होती है और विद्यार्थियों को ________ सीखने में सक्षम बनाती है।

(1) मूर्त संक्रियात्मक अवस्था; संरक्षण और क्रमबद्धता

(2) औपचारिक संक्रियात्मक अवस्था; बीजगणित और गणना

(3) औपचारिक संक्रियात्मक अवस्था; संरक्षण और क्रमबद्धता

(4) मूर्त संक्रियात्मक अवस्था; बीजगणित और गणना

SPC F

4. **Assertion (A) :**

Learning from real-life problems and concrete experiences gives the children multiple pathways for learning and retrieving information.

**Reason (R) :**

Development is relatively orderly and sequential.

Choose the **correct** option :

(1) Both **(A)** and **(R)** are true but **(R)** is not the correct explanation of **(A)**.

(2) **(A)** is true but **(R)** is false.

(3) Both **(A)** and **(R)** are false.

(4) Both **(A)** and **(R)** are true and **(R)** is the correct explanation of **(A)**.

**अभिकथन (A) :**

वास्तविक जीवन की समस्याओं और मूर्त अनुभवों से सीखने से बच्चों को अधिगम और जानकारी प्राप्त करने के लिए कई रास्ते मिलते हैं।

**कारण (R) :**

विकास अपेक्षाकृत व्यवस्थित और अनुक्रमिक है।

**सही** विकल्प चुनें।

(1) **(A)** और **(R)** दोनों सही हैं लेकिन **(A)** की **(R)** सही व्याख्या नहीं करता है।

(2) **(A)** सही है लेकिन **(R)** गलत है।

(3) **(A)** और **(R)** दोनों गलत है।

(4) **(A)** और **(R)** दोनों सही हैं और **(A)** की **(R)** सही व्याख्या करता है।

5. Which of the following best describes the role of the teacher in progressive education ?

(1) The teacher provides diverse materials for children to experiment and provides scaffolding as and when required.

(2) The teacher is responsible for ensuring strict adherence to curriculum standards.

(3) The teacher lets the children learn independently and does not interfere in their learning.

(4) The teacher is the primary source of knowledge and authority in the classroom.

निम्नलिखित में से कौन प्रगतिशील शिक्षा में शिक्षक की भूमिका का सबसे अच्छा वर्णन करता है ?

(1) शिक्षक बच्चों को प्रयोग करने के लिए विविध सामग्री प्रदान करता है और आवश्यकता पड़ने पर आलम्बन प्रदान करता है।

(2) शिक्षक पाठ्यचर्या मानकों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करने के लिए जिम्मेदार है।

(3) शिक्षक बच्चों को स्वतंत्र रूप से सीखने देता है और उनके सीखने में हस्तक्षेप नहीं करता है।

(4) शिक्षक कक्षा में ज्ञान और प्राधिकार का प्राथमिक स्रोत है।

6. Which of the following characterise the process of socialization ?

(a) It is a linear process.
(b) It is a complex process.
(c) It is a multidimensional process.
(d) It takes place uniquely in different cultures.

(1) (b), (c) (2) (b), (c), (d) (3) (a), (b), (c), (d) (4) (a), (b)

निम्नलिखित में से कौन सा समाजीकरण की प्रक्रिया की विशेषताएँ हैं ?

(a) यह एक रेखीय प्रक्रिया है।
(b) यह एक जटिल प्रक्रिया है।
(c) यह एक बहुआयामी प्रक्रिया है।
(d) यह विभिन्न संस्कृतियों में विशिष्ट रूप से होती है।

(1) (b), (c) (2) (b), (c), (d) (3) (a), (b), (c), (d) (4) (a), (b)

7. Which of the following does **not** exemplify an inclusive classroom ?

(1) Following reasonable accommodation

(2) Offering differentiated instruction

(3) Encouraging competitive ethos

(4) Incorporation of diverse perspectives

निम्नलिखित में से कौन एक समावेशी कक्षा का उदाहरण **नहीं** है ?

(1) उचित समावेशन का पालन

(2) विभेदित निर्देश देना

(3) प्रतिस्पर्धी लोकाचार को प्रोत्साहित करना

(4) विविध दृष्टिकोणों का समावेश

8. **Assertion (A)** :

There is no objectively definable moment when a child enters middle childhood or adolescence.

**Reason (R)** :

Development is continuous in nature.

Choose the **correct** option.

(1) Both **(A)** and **(R)** are true but **(R)** is not the correct explanation of **(A)**.
(2) **(A)** is true but **(R)** is false.
(3) Both **(A)** and **(R)** are false.
(4) Both **(A)** and **(R)** are true and **(R)** is the correct explanation of **(A)**.

**अभिकथन (A)** :

वह कोई उद्देश्यात्मक निश्चित क्षण नहीं होता जब कोई बच्चा मध्य बाल्यावस्था या किशोरावस्था में प्रवेश करता है।

**कारण (R)** :

विकास, प्रकृति में निरंतर होता रहता है।

**सही** विकल्प चुनें।

(1) **(A)** और **(R)** दोनों सही हैं लेकिन **(A)** की **(R)** सही व्याख्या नहीं करता है।
(2) **(A)** सही है लेकिन **(R)** गलत है।
(3) **(A)** और **(R)** दोनों गलत है।
(4) **(A)** और **(R)** दोनों सही हैं और **(A)** की **(R)** सही व्याख्या करता है।

9. In which stage of Kohlberg's moral development do children's reasoning revolve around ethics of law ?

(1) Conventional morality (2) Heteronomous morality
(3) Autonomous morality (4) Pre-conventional morality

कोहलबर्ग के नैतिक विकास की किस अवस्था में बच्चों का तर्क कानून की नैतिकता के इर्द-गिर्द घूमता है ?

(1) पारंपरिक नैतिकता (2) विषम नैतिकता
(3) स्वायत्त नैतिकता (4) पूर्व-पारंपरिक नैतिकता

10. According to Vygotsky, what is the role of the teacher in facilitating cognitive development ?

(1) To guide and support the student's learning through scaffolding.
(2) To allow the student to learn completely independently.
(3) To give only those tasks that the student can currently do independently.
(4) To provide information and knowledge to the student.

वयगोत्स्की के अनुसार, संज्ञानात्मक विकास को सुगम बनाने में शिक्षक की क्या भूमिका है ?

(1) आलम्बन के माध्यम से छात्र के सीखने का मार्गदर्शन और समर्थन करना।
(2) छात्र को पूरी तरह से स्वतंत्र रूप से सीखने की अनुमति देना।
(3) केवल उन्हीं कार्यों को देना जो विद्यार्थी वर्तमान में स्वतंत्र रूप से कर सकता है।
(4) छात्र को जानकारी और ज्ञान प्रदान करना।

11. **Assertion (A) :**

Teachers should constantly reflect on their own stereotypes and bias.

**Reason (R) :**

Culturally responsive teaching means that teachers are reflective.

Choose the **correct** option :

(1) Both **(A)** and **(R)** are true but **(R)** is not the correct explanation of **(A)**.

(2) **(A)** is true but **(R)** is false.

(3) Both **(A)** and **(R)** are false.

(4) Both **(A)** and **(R)** are true and **(R)** is the correct explanation of **(A)**.

**अभिकथन (A) :**

शिक्षकों को निरंतर अपने स्वयं के रूढ़िवादिता और पूर्वाग्रहों पर चिंतन करना चाहिए।

**कारण (R) :**

सांस्कृतिक रूप से उत्तरदायी शिक्षण का अर्थ है कि शिक्षक चिंतनशील हो।

**सही** विकल्प चुनें।

(1) **(A)** और **(R)** दोनों सही हैं लेकिन **(A)** की **(R)** सही व्याख्या नहीं करता है।

(2) **(A)** सही है लेकिन **(R)** गलत है।

(3) **(A)** और **(R)** दोनों गलत है।

(4) **(A)** और **(R)** दोनों सही हैं और **(A)** की **(R)** सही व्याख्या करता है।

12. Which of the following statements about adolescence is **not** correct ?

(1) Adolescence is generally considered to begin with puberty - the process that leads to sexual maturity and the ability to reproduce.

(2) Adolescence is developmental transition between childhood and adulthood entailing physical, cognitive and psychosocial changes.

(3) Children across different cultures usher in and experience adolescence in a similar manner.

(4) Adolescence is a social construction.

किशोरावस्था के बारे में निम्नलिखित में से कौन सा कथन **सही नहीं** है ?

(1) किशोरावस्था को आमतौर पर यौवन को शुरू करने के लिए माना जाता है – यह एक ऐसी प्रक्रिया है जो यौन परिपक्वता और पुनरुत्पादन की क्षमता की ओर ले जाती है।

(2) किशोरावस्था बचपन और वयस्कता के बीच विकासात्मक संक्रमण है जिसमें शारीरिक, संज्ञानात्मक और मनोसामाजिक परिवर्तन होते हैं।

(3) विभिन्न संस्कृतियों के बच्चे एक समान तरीके से किशोरावस्था में प्रवेश करते हैं और इसे अनुभव करते हैं।

(4) किशोरावस्था एक सामाजिक रचना है।

13. The central argument of Carol Gilligan's critique of Kohlberg's theory of moral development is around :

(1) Overestimation of children's moral abilities.

(2) Use of experimental design in studying children.

(3) Educational implications of the study for school going children.

(4) Ethics of care and the feminist perspective.

कोहलबर्ग के नैतिक विकास के सिद्धांत की कैरोल गिलिगन की आलोचना का केंद्रीय तर्क है :

(1) बच्चों की नैतिक क्षमताओं को अधिक आंकना।

(2) बच्चों के अध्ययन में प्रायोगिक शोध प्रणाली का उपयोग।

(3) स्कूल जाने वाले बच्चों के लिए अध्ययन के शैक्षिक निहितार्थ।

(4) देखभाल की नैतिकता और नारीवादी दृष्टिकोण।

14. **Assertion (A) :**

Students are more likely to do well and stay in school if they have emotional attachment to their school and believe that they matter.

**Reason (R) :**

Emotions play a significant role in learning.

Choose the **correct** option :

(1) Both **(A)** and **(R)** are true but **(R)** is not the correct explanation of **(A)**.

(2) **(A)** is true but **(R)** is false.

(3) Both **(A)** and **(R)** are false.

(4) Both **(A)** and **(R)** are true and **(R)** is the correct explanation of **(A)**.

**अभिकथन (A) :**

छात्रों के अच्छा प्रदर्शन करने और स्कूल में बने रहने की अधिक संभावना है यदि उनको अपने स्कूल से भावनात्मक लगाव है और वे मानते हैं कि उनका होना मायने रखता है।

**कारण (R) :**

भावनाएँ सीखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं।

**सही** विकल्प चुनें।

(1) **(A)** और **(R)** दोनों सही हैं लेकिन **(A)** की **(R)** सही व्याख्या नहीं करता है।

(2) **(A)** सही है लेकिन **(R)** गलत है।

(3) **(A)** और **(R)** दोनों गलत है।

(4) **(A)** और **(R)** दोनों सही हैं और **(A)** की **(R)** सही व्याख्या करता है।

15. Which of the following is a core principle of constructivist learning theory ?

(1) Learning occurs when students receive correct answers and feedback from teachers.

(2) Students construct their own knowledge through active engagement with their environment.

(3) Learning is primarily a passive process that involves receiving and memorizing information.

(4) Teachers should provide direct instruction and explicit guidance to students.

निम्नलिखित में से कौन सा संरचनावादी अधिगम सिद्धांत का मूल सिद्धांत है ?

(1) अधिगम तब होता है जब छात्रों को शिक्षकों से सही उत्तर और प्रतिपुष्टि मिलती है।

(2) छात्र अपने पर्यावरण के साथ सक्रिय संलग्नता के माध्यम से अपने ज्ञान का निर्माण करते हैं।

(3) अधिगम मुख्य रूप से एक निष्क्रिय प्रक्रिया है जिसमें सूचना प्राप्त करना और याद रखना शामिल है।

(4) शिक्षकों के छात्रों को प्रत्यक्ष निर्देश और स्पष्ट मार्गदर्शन प्रदान करना चाहिए।

16. Sujata participates eagerly in the dance competition only because she is interested in winning the first prize of cash. Sujata is :

(1) Extrinsically motivated
(2) Mastery-Oriented learner
(3) Failure-avoiding learner
(4) Intrinsically motivated

सुजाता नृत्य प्रतियोगिता में केवल इसलिए उत्सुकता से भाग लेती है क्योंकि वह नकद का प्रथम पुरस्कार जीतने में रुचि रखती है। सुजाता -

(1) बाहरी रूप से प्रेरित है।
(2) महारत उन्मुख शिक्षार्थी है।
(3) असफलता परिहार शिक्षार्थी है।
(4) आंतरिक रूप से प्रेरित है।

17. A middle school teacher wants to enable meaningful learning by helping students make connections between concepts and real-world applications. Which of the following activities would be an appropriate pedagogical strategy ?

(1) Let the students complete worksheets with multiple choice questions.

(2) Let the students learn by the method of stimulus-response conditioning.

(3) Let the students research on a current issue in small groups and present their findings to the class.

(4) Let the students memorize terms and definitions.

एक माध्यमिक स्कूल शिक्षक छात्रों को संकल्पनाओं और वास्तविक दुनिया के अनुप्रयोगों के बीच संबंध बनाने में मदद करके सार्थक सीखने को सक्षम बनाना चाहता है। निम्नलिखित में से कौन सी गतिविधि एक उपयुक्त शैक्षणिक रणनीति होगी ?

(1) विद्यार्थियों से बहुविकल्पीय प्रश्नों वाली कार्य पत्रक पूरी करने को कहें।

(2) विद्यार्थियों को उद्दीपक-प्रतिक्रिया अनुबंधन की विधि द्वारा सीखने को कहें।

(3) छात्रों को छोटे समूहों में वर्तमान मुद्दे पर शोध करने दें और अपने निष्कर्ष कक्षा में प्रस्तुत करें।

(4) छात्रों को नियम और परिभाषाएँ याद करने दें।

18. Work in progress Portfolios are an effective tool for formative assessment because :
(a) They involve students in the process of assessment.
(b) They offer insights about the progress of individual students.
(c) They focus mainly in the presentation of the final product.
(d) They offer tangible evidence of student learning.
(1) (a), (d) (2) (a), (b), (c) (3) (a), (b), (d) (4) (b), (c)

रचनात्मक मूल्यांकन के लिए कार्य की प्रगति को दर्शाते पोर्टफोलियो एक प्रभावी प्रणाली है क्योंकि -
(a) वे मूल्यांकन की प्रक्रिया में छात्रों को शामिल करते हैं।
(b) वे व्यक्तिगत छात्रों की प्रगति के बारे में अंतर्दृष्टि प्रदान करते हैं।
(c) वे मुख्य रूप से अंतिम उत्पाद की प्रस्तुति पर ध्यान केंद्रित करते हैं।
(d) वे छात्र अधिगम के ठोस सबूत पेश करते हैं।
(1) (a), (d) (2) (a), (b), (c) (3) (a), (b), (d) (4) (b), (c)

19. In order to address the individual differences among learners, a teacher should :
(1) be indifferent towards individual differences
(2) consider differences as obvious feature of human diversity
(3) implement a rigid and uniform curriculum for all learners
(4) acknowledge differences as abnormal and kind of deficit

शिक्षार्थियों के बीच व्यक्तिगत भिन्नताओं को संबोधित करने के लिए एक शिक्षक को :
(1) व्यक्तिगत भिन्नताओं को नज़र-अंदाज़ करना चाहिए
(2) भिन्नताओं को मानव विविधता की प्रत्यक्ष विशेषता के रूप में मानना चाहिए
(3) सभी शिक्षार्थियों के लिए एक अनम्य और समान पाठ्यक्रम लागू करना चाहिए
(4) मतभेदों को असामान्य और एक प्रकार की कमी के रूप में स्वीकार करना चाहिए

20. According to Lev-Vygotsky children benefit from the experience of interacting with ________ while working _______ their zone of proximal development.
(1) more knowledgeable others; just outside
(2) the physical environment; within
(3) the physical environment; just outside
(4) more knowledgeable others; within

लेव-वायगोत्स्की के अनुसार बच्चे _______ के साथ अंत:क्रिया के अनुभव से लाभान्वित होते हैं और उन कार्यों को कर पाते हैं जो उनके समीपदुराभिमुख विकास के क्षेत्र के _______ हैं।
(1) अधिक जानकार अन्य; बस बाहर
(2) भौतिक वातावरण; अंदर
(3) भौतिक वातावरण; बस बाहर
(4) अधिक जानकार अन्य; अंदर

21. Alok shows the following behaviours : Holds head in an awkward position when reading; squinting and rubbing the eye frequently; redness/swelling of eyes; confusing letters. These can be symptoms of potential :

(1) Language comprehension problems
(2) Autistic spectrum disorder
(3) Communication disorder
(4) Visual problems

आलोक निम्नलिखित व्यवहार दिखाता है : पढ़ते समय सिर को अजीब स्थिति में पकड़ना; आँख को बार-बार मूंदना और रगड़ना; आँखों की लाली/सूजन; अक्षर पहचान में भ्रमित होना। यह किसके संभावित लक्षण हो सकते हैं ?

(1) भाषा की समझ की समस्या
(2) स्वलीनता विकार
(3) संचार संबंधी विकार
(4) दृष्टि संबंधी समस्याएँ

22. Asking Critical questions such as "how much and in what ways are various gender represented in textbooks and media" would encourage :

(1) Strengthening gender constancy
(2) Reinforcing gender identity
(3) Discouraging gender role flexibility
(4) Questioning gender stereotypes

''पाठ्यपुस्तकों और मीडिया में विभिन्न जेंडर का प्रतिनिधित्व कितना और किस तरीके से किया जाता है'' जैसे महत्वपूर्ण प्रश्न पूछने से किसको प्रोत्साहन मिलेगा ?

(1) जेंडर स्थिरता को मजबूत करना
(2) जेंडर पहचान को मजबूत करना
(3) जेंडर भूमिका की नम्यता के हतोत्साहित को
(4) जेंडर रूढ़ियों पर सवाल उठाना

23. In a progressive classroom assessment is :

(1) Objective
(2) Summative
(3) Normative
(4) Dynamic

एक प्रगतिशील कक्षा में आकलन ______

(1) वस्तुनिष्ठ होता है।
(2) योगात्मक होता है।
(3) मानक संदर्भित होता है।
(4) गतिशील होता है।

24. Which of the following is an example of a question that requires students to analyze information ?

(1) What is the theme of the novel "To Kill a Mockingbird"?
(2) How does the author use symbolism in "To Kill a Mockingbird"?
(3) Who is the protagonist of "To Kill a Mockingbird"?
(4) What is the plot of the novel "To Kill a Mockingbird" ?

निम्नलिखित में से कौन सा एक ऐसे प्रश्न का उदाहरण है जिसमें छात्रों को जानकारी का विश्लेषण करने की आवश्यकता होती है ?

(1) ''टू किल ए मॉकिंगबर्ड'' उपन्यास का विषय क्या है ?
(2) ''टू किल ए मॉकिंगबर्ड'' में, लेखक प्रतीकवाद का उपयोग कैसे करते हैं ?
(3) ''टू किल ए मॉकिंगबर्ड'' का नायक कौन है ?
(4) ''टू किल ए मॉकिंगबर्ड'' उपन्यास का कथानक क्या है ?

25. Assertion (A) :

The less able a child is to do a task the more directions the teachers should give and as the child can do more and more the teacher should help less and less.

Reason (R) :

Intelligence cannot be accurately measured by calculating IQ.

Choose the **correct** option.

(1) Both **(A)** and **(R)** are true but **(R)** is not the correct explanation of **(A)**.
(2) **(A)** is true but **(R)** is false.
(3) Both **(A)** and **(R)** are false.
(4) Both **(A)** and **(R)** are true and **(R)** is the correct explanation of **(A)**.

**अभिकथन (A) :**

एक बच्चा किसी कार्य को करने में जितना कम सक्षम होता है, शिक्षकों को उतने ही अधिक संकेत व इशारे देनी चाहिए और जैसे-जैसे बच्चा अधिक से अधिक कर सकता है, शिक्षक को कम से कम मदद करनी चाहिए।

**कारण (R) :**

बुद्धि को बुद्धि-लब्धि की गणना करके सटीक रूप से नहीं मापा जा सकता है।

सही विकल्प चुनें।

(1) **(A)** और **(R)** दोनों सही हैं लेकिन **(A)** की **(R)** सही व्याख्या नहीं करता है।
(2) **(A)** सही है लेकिन **(R)** गलत है।
(3) **(A)** और **(R)** दोनों गलत है।
(4) **(A)** और **(R)** दोनों सही हैं और **(A)** की **(R)** सही व्याख्या करता है।

26. Which of the following describes a mastery goal orientation ?

(1) focus on improving ones' skills and understanding of a task.
(2) focus on achieving a high grade for receiving external rewards.
(3) focus on avoiding failure or punishment for fear of humiliation.
(4) focus on achieving a certain level of performance for competing with others.

निम्न में से कौन सा एक महारत लक्ष्य अभिविन्यास का वर्णन करता है ?

(1) किसी कार्य के लिए अपनी कौशल और समझ को सुधारने पर ध्यान देना।
(2) बाहरी पुरस्कार प्राप्त करने के लिए उच्च ग्रेड प्राप्त करने पर ध्यान देना।
(3) अपमान के डर से असफलता या सजा से बचने पर ध्यान देना।
(4) दूसरों के साथ प्रतिस्पर्धा करने के लिए एक निश्चित स्तर के प्रदर्शन को प्राप्त करने पर ध्यान देना।

27. Which of the following process is essential in meaning-making of the information received from environment and store it further in memory ?

(1) Decay (2) Forgetting (3) Retrieval (4) Attention

निम्नलिखित में से कौन सी प्रक्रिया वातावरण से प्राप्त जानकारी के अर्थ-निर्माण और इसे स्मृति में आगे संग्रहीत करने के लिए आवश्यक है ?

(1) क्षय होना (2) भूलना (3) पुनर्प्राप्ति (4) ध्यान देना

28. **Assertion (A) :**
In an inclusive classroom, adaptations should be made in learning goals, pedagogical strategies as well as assessment.
**Reason (R) :**
The philosophy of inclusion advocates elimination of all individual differences through pedagogical approaches and assessment.
Choose the **correct** option :
(1) Both **(A)** and **(R)** are true but **(R)** is not the correct explanation of **(A)**.
(2) **(A)** is true but **(R)** is false.
(3) Both **(A)** and **(R)** are false.
(4) Both **(A)** and **(R)** are true and **(R)** is the correct explanation of **(A)**.

**अभिकथन (A) :**
एक समावेशी कक्षा में, सीखने के लक्ष्यों, शैक्षणिक रणनीतियों के साथ-साथ आकलन में अनुकूलन किया जाना चाहिए।
**कारण (R) :**
समावेशन का दर्शन शैक्षणिक दृष्टिकोण और मूल्यांकन के माध्यम से सभी व्यक्तिगत मतभेदों को समाप्त करने की वकालत करता है।
**सही** विकल्प चुनें।
(1) **(A)** और **(R)** दोनों सही हैं लेकिन **(A)** की **(R)** सही व्याख्या नहीं करता है।
(2) **(A)** सही है लेकिन **(R)** गलत है।
(3) **(A)** और **(R)** दोनों गलत है।
(4) **(A)** और **(R)** दोनों सही हैं और **(A)** की **(R)** सही व्याख्या करता है।

29. Dyslexia is a ________ condition which impacts learner's ability to ________.
(1) neurological, link sounds with symbols
(2) physiological, socialize with peers
(3) sensory, coordinate body movements
(4) emotional, draw pictures

अपपठन वैकल्य/डिस्लेक्सिया एक ________ स्थिति है जो शिक्षार्थी की ________ की क्षमता को प्रभावित करती है।
(1) तंत्रिकीय/न्यूरोलॉजिकल, ध्वनियों को प्रतीकों चिन्हों के साथ जोड़ने
(2) शारीरिक, साथियों के साथ सामाजीकरण
(3) संवेदी, शारीरिक गतिविधियों के समन्वय
(4) भावनात्मके, चित्र बनाने

30. An elementary school teacher can strongly influence students' development of academic self-concept by :
(1) Punishing autonomy and initiative in students
(2) Rewarding autonomy and initiative in students
(3) Keeping very low expectations from special students
(4) Keeping very low expectations from all students

एक प्रारंभिक विद्यालय का शिक्षक छात्र के शैक्षणिक आत्म-संप्रत्यय के विकास को दृढ़ता से प्रभावित कर सकता है :
(1) छात्रों में स्वायत्तता और पहल को दंडित करना
(2) छात्रों में स्वायत्तता और पहल को पुरस्कृत करना
(3) विशेष छात्रों से बहुत कम उम्मीदें रखना
(4) सभी विद्यार्थियों से बहुत कम अपेक्षाएँ रखना

**IMPORTANT / महत्त्वपूर्ण**

*Candidates have to do questions 31 to 90 EITHER from Part - II (Mathematics and Science) OR from Part - III (Social Studies / Social Science).*

*परीक्षार्थियों को प्रश्न 31 से 90 या तो भाग - II ( गणित व विज्ञान ) या भाग - III ( सामाजिक अध्ययन / सामाजिक विज्ञान ) से करने हैं।*

## PART - II / भाग - II

## MATHEMATICS AND SCIENCE / गणित व विज्ञान

*Direction : Answer the following questions by selecting the correct/most appropriate options.*

*निर्देश : निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर देने के लिए सही/सबसे उपयुक्त विकल्प चुनिए।*

31. The area of the curved surface of a right circular cylinder is 4400 $cm^2$ and the circumference of its base is 110 cm. Its volume (in $m^3$) is : $\left(\text{Use } \pi = \frac{22}{7}\right)$

(1) 0.0385 (2) 0.0285 (3) 0.0382 (4) 0.0284

किसी लंब वृत्तीय बेलन का वक्र पृष्ठीय क्षेत्रफल 4400 $cm^2$ है और उसके आधार की परिधि 110 cm है। बेलन का आयतन ($m^3$ में) है : $\left(\pi = \frac{22}{7} \text{ का प्रयोग कीजिए}\right)$

(1) 0.0385 (2) 0.0285 (3) 0.0382 (4) 0.0284

32. Which among the following Learning-Teaching Resources (LTRs) are most appropriate for visually challenged students in mathematics classroom ?

(a) Geogebra (b) Taylor's abacus (c) Computer (d) Spreadsheet

Choose the **correct** option :

(1) (c) and (d) (2) (b) and (c) (3) (b), (c) and (d) (4) (a) and (b)

गणित की कक्षा में दृष्टिबाधित विद्यार्थियों के लिए निम्नलिखित अधिगम शिक्षण संसाधनों ( एल टी आर ) में से कौन सा सबसे उपयुक्त है ?

(a) जियोजेबरा (b) टेलर का गिनतारा (c) कंप्यूटर (d) स्प्रेडशीट

सही विकल्प चुनें :

(1) (c) और (d) (2) (b) और (c) (3) (b), (c) और (d) (4) (a) और (b)

SPACE FOR ROUGH WORK / रफ कार्य के लिए जगह

**33.** BD is the diagonal of parallelogram ABCD such that $\angle CBD = 12x$, $\angle ABD = 7y$, $\angle ADB = 60°$ and $\angle CDB = 28°$. Then, the value of $2x+3y$ is :

(1) 21° (2) 22° (3) 23° (4) 20°

किसी समांतर चतुर्भुज ABCD का विकर्ण BD इस प्रकार है कि $\angle CBD = 12x$, $\angle ABD = 7y$, $\angle ADB = 60°$ और $\angle CDB = 28°$ है। तब $2x+3y$ का मान है :

(1) 21° (2) 22° (3) 23° (4) 20°

**34.** If $\frac{x}{y} = \left(\frac{-1}{3}\right)^{-3} \div \left(\frac{2}{3}\right)^{-4}$, then what is the value of $\left(\frac{x}{y} + \frac{y}{x}\right)^{-1}$ ?

(1) $\frac{19}{48}$ (2) $\frac{38}{73}$ (3) $-\frac{48}{265}$ (4) $-\frac{3}{16}$

यदि $\frac{x}{y} = \left(\frac{-1}{3}\right)^{-3} \div \left(\frac{2}{3}\right)^{-4}$ है, तो $\left(\frac{x}{y} + \frac{y}{x}\right)^{-1}$ का मान क्या है ?

(1) $\frac{19}{48}$ (2) $\frac{38}{73}$ (3) $-\frac{48}{265}$ (4) $-\frac{3}{16}$

**35.** A student listed the following properties of Rational Numbers. Which one/ones is/are correct ?

(a) A rational number includes integers.

(b) 0 (zero) is not a rational number.

(c) All fractions are rational numbers.

Choose the **correct** option :

(1) Only (b) (2) Only (c) (3) (a) and (b) (4) (a) and (c)

एक विद्यार्थी ने परिमेय संख्याओं के निम्नलिखित गुणधर्मों की सूची बनाई। इनमें से कौन-सा/से सही है/हैं ?

(a) एक परिमेय संख्या में पूर्णांक सम्मिलित है।

(b) शून्य (0) परिमेय संख्या नहीं है।

(c) सभी भिन्न परिमेय संख्याएँ होती हैं।

**सही** विकल्प चुनें :

(1) केवल (b) (2) केवल (c) (3) (a) और (b) (4) (a) और (c)

**SPACE FOR ROUGH WORK / रफ कार्य के लिए जगह**

36. If the median of the data 30, 8, 7, 3, 17, 15, 21, 24, 29, 23 is $x$ and the median of the data obtained by replacing 3 by 33 and 8 by 18 in the above data is $y$, then what is the difference between $y$ and $x$ ?

(1) 2 (2) 3 (3) 4 (4) 1

यदि आंकड़ों 30, 8, 7, 3, 17, 15, 21, 24, 29, 23 का माध्यक $x$ है और इन आंकड़ों में 3 को 33 से तथा 8 को 18 से प्रतिस्थापित करने पर प्राप्त आंकड़ों का माध्यक यदि $y$ है, तो $y$ और $x$ का अंतर क्या है ?

(1) 2 (2) 3 (3) 4 (4) 1

37. In triangle PQR, $\angle P = 55°$ and QR = 18 cm. In which of the following cases, $\Delta PQR$ can be an obtuse scalene triangle ?

(1) $\angle R = 15°$ and PR > 18 cm (2) $\angle R = 65°$ and PQ > 18 cm

(3) $\angle R = 35°$ and PR = 18 cm (4) $\angle R = 25°$ and PQ = 18 cm

त्रिभुज PQR में, $\angle P = 55°$ और QR = 18 cm है। निम्न स्थितियों में से किसमें $\Delta PQR$ एक अधिक कोण विषमबाहु त्रिभुज हो सकता है ?

(1) $\angle R = 15°$ और PR > 18 cm (2) $\angle R = 65°$ और PQ > 18 cm

(3) $\angle R = 35°$ और PR = 18 cm (4) $\angle R = 25°$ और PQ = 18 cm

38. In triangles ABC and DEF; $\angle B = 90°$, BC = 8 cm, $\angle A = 40°$, DE = 8 cm, $\angle F = 40°$ and $\angle E = 90°$. Then, which of the following statements is **true** ?

(1) $\Delta ABC \cong \Delta FED$, by RHS (2) $\Delta ABC \cong \Delta DFE$, by AAS

(3) $\Delta ABC \cong \Delta FED$, by AAS (4) $\Delta ABC \cong \Delta DEF$, by RHS

त्रिभुजों ABC और DEF में; $\angle B = 90°$, BC = 8 cm, $\angle A = 40°$, DE = 8 cm, $\angle F = 40°$ और $\angle E = 90°$ है। तब, निम्न कथनों में से कौन-सा कथन **सत्य** है ?

(1) $\Delta ABC \cong \Delta FED$, RHS द्वारा (2) $\Delta ABC \cong \Delta DFE$, AAS द्वारा

(3) $\Delta ABC \cong \Delta FED$, AAS द्वारा (4) $\Delta ABC \cong \Delta DEF$, RHS द्वारा

**SPACE FOR ROUGH WORK / रफ कार्य के लिए जगह**

39. National Education Policy (NEP) 2020 recommends that Sports Integrated Pedagogy needs to be used in classroom teaching. Which among the following are correct in the context of using sports integrated pedagogy in mathematics classroom ?

(a) Teaching-learning process shall become joyful.

(b) It is not possible to use sports for teaching mathematics.

(c) It will be time consuming and hence needs to be avoided.

(d) Apart from popular sports, there are many indigenous sports which can be used in teaching mathematics.

Choose the **correct** option :

(1) (b) and (c) (2) (a) and (d) (3) (b), (c) and (d) (4) (a) and (c)

राष्ट्रीय शिक्षा नीति, 2020 सिफारिश करती है कि खेल एकीकृत शिक्षाशास्त्र को कक्षा में उपयोग करने की आवश्यकता है। खेल एकीकृत शिक्षाशास्त्र के संदर्भ में गणित की कक्षा के लिए निम्नलिखित में से कौन सा कथन सही है?

(a) शिक्षण-अधिगम प्रक्रिया आनन्ददायक हो जाएगी।

(b) खेल का उपयोग गणित पढ़ाने में सम्भव नहीं है।

(c) इसमें बहुत समय खर्च हो जाएगा तो इसे टालना चाहिए।

(d) प्रसिद्ध खेलों के अलावा कई स्वदेशी खेल हैं जिनका उपयोग गणित पढ़ाने में किया जा सकता है।

**सही** विकल्प चुनें :

(1) (b) और (c) (2) (a) और (d) (3) (b), (c) और (d) (4) (a) और (c)

40. The product of two rational numbers is $-\frac{40}{3}$. If one of the two numbers is $-\frac{5}{2}$, then the reciprocal of the other number lies between :

(1) $\frac{9}{50}$ and $\frac{1}{5}$ (2) $\frac{1}{5}$ and $\frac{1}{4}$ (3) $\frac{1}{4}$ and $\frac{1}{3}$ (4) $\frac{3}{20}$ and $\frac{9}{50}$

दो परिमेय संख्याओं का गुणनफल $-\frac{40}{3}$ है। यदि उन दो संख्याओं में से एक $-\frac{5}{2}$ है, तो दूसरी संख्या का व्युत्क्रम निम्न के बीच में स्थित है :

(1) $\frac{9}{50}$ और $\frac{1}{5}$ (2) $\frac{1}{5}$ और $\frac{1}{4}$ (3) $\frac{1}{4}$ और $\frac{1}{3}$ (4) $\frac{3}{20}$ और $\frac{9}{50}$

SPACE FOR ROUGH WORK / रफ कार्य के लिए जगह

**41.** Three numbers are in the ratio 2 : 3 : 4 and the sum of their cubes is 33957. What is the sum of the three numbers ?

(1) 63 (2) 72 (3) 81 (4) 54

तीन संख्याएँ 2 : 3 : 4 के अनुपात में हैं और उनके घनों का योग 33957 है। इन तीनों संख्याओं का योग क्या है ?

(1) 63 (2) 72 (3) 81 (4) 54

**42.** If $x = 1.011 + 10.11 - 12.101 + 0.1011$, then what should be added to $x$ to get the sum as 1.1 ?

(1) 0.3111 (2) 0.2211 (3) 1.1311 (4) 1.9789

यदि $x = 1.011 + 10.11 - 12.101 + 0.1011$ है, तो $x$ में क्या जोड़ा जाए, जिससे योगफल 1.1 प्राप्त हो ?

(1) 0.3111 (2) 0.2211 (3) 1.1311 (4) 1.9789

**43.** If $A = -2x^2 + 12x$, $B = 11 - 8x + 3x^2$, $C = 17 - 4x^2$ and $D = x^2 - x - 3$, then what is the sum of the co-efficients of $x^2$ and $x$ in $(A + B + C - D)$ ?

(1) $-1$ (2) 1 (3) 3 (4) 0

यदि $A = -2x^2 + 12x$, $B = 11 - 8x + 3x^2$, $C = 17 - 4x^2$ और $D = x^2 - x - 3$ हैं, तो $(A + B + C - D)$ में $x^2$ और $x$ के गुणांकों का योग है :

(1) $-1$ (2) 1 (3) 3 (4) 0

**44.** If a 8 - digit number 9 4 7 1 $x$ 9 $y$ 2 is divisible by 72, then which of the following statements is **not** true ?

(1) $x = 4$ and $y = 9$ (2) $x = 9$ and $y = 5$ (3) $x = 3$ and $y = 1$ (4) $x = 8$ and $y = 5$

यदि 8 - अंकीय संख्या 9 4 7 1 $x$ 9 $y$ 2, 72 से विभाज्य है, तो निम्न में से कौनसा कथन सत्य **नहीं** है ?

(1) $x = 4$ और $y = 9$ (2) $x = 9$ और $y = 5$ (3) $x = 3$ और $y = 1$ (4) $x = 8$ और $y = 5$

**45.** The number of vertices (V), edges (E) and faces (F) of a polyhedron are respectively 10, 15 and $x$. Then, the value of $(3x - 12)$ is :

(1) 9 (2) 14 (3) 18 (4) 7

किसी बहुफलकी के शीर्षों (V), किनारों (E) और फलकों (F) की संख्याएँ क्रमशः 10, 15 और $x$ हैं। तब $(3x - 12)$ का मान है :

(1) 9 (2) 14 (3) 18 (4) 7

**SPACE FOR ROUGH WORK / रफ कार्य के लिए जगह**

46. A box opened at the top is made of wood of thickness 3 cm. Its external length, breadth and height are respectively 1.48 m, 1.16 m and 83 cm (base = length × breadth). What will be the cost of painting its inner surface at ₹ 150 per $m^2$ ?

(1) ₹ 839.10 (2) ₹ 841.40 (3) ₹ 842.50 (4) ₹ 838.20

ऊपर से खुला हुआ एक बक्सा 3 cm मोटी लकड़ी का बना है। इसकी बाह्य लंबाई, चौड़ाई तथा ऊँचाई क्रमश: 1.48 m, 1.16 m और 83 cm है (आधार = लंबाई × चौड़ाई)। इसकी आंतरिक सतहों पर ₹ 150 प्रति $m^2$ की दर से पेंट कराने की लागत क्या होगी ?

(1) ₹ 839.10 (2) ₹ 841.40 (3) ₹ 842.50 (4) ₹ 838.20

47. A shopkeeper sells an article for ₹ 324 after giving a discount of 28% on its marked price. The cost price of the article is ₹ 300. If he sells the article by giving 18% discount on its same marked price, then what will be his profit percent ?

(1) 19% (2) 23% (3) 24% (4) 10%

कोई दुकानदार एक वस्तु को उसके अंकित मूल्य पर 28% की छूट देकर ₹ 324 पर बेचता है। वस्तु का क्रय मूल्य ₹ 300 है। यदि वह उस वस्तु को उसके उसी अंकित मूल्य पर 18% की छूट देकर बेचे, तो उसका लाभ प्रतिशत क्या होगा ?

(1) 19% (2) 23% (3) 24% (4) 10%

48. Mathematics is a way of thinking since :

(a) It provides an opportunity for students to engage in proofs and examining patterns.

(b) Students reproduce formulae and symbols during problem solving.

(c) Students use appropriate strategies for solving various new problems.

Choose the **correct** option :

(1) (b) and (c) (2) (a) and (c) (3) Only (b) (4) (a) and (b)

गणित एक सोचने का तरीका है क्योंकि :

(a) यह विद्यार्थियों को साक्ष्यों एवं प्रतिमानों के निरीक्षण में व्यस्त (संलग्न) रखने के लिए अवसर प्रदान करता है।

(b) समस्या समाधान के दौरान विद्यार्थी सूत्रों एवं चिन्हों को दोहराते हैं।

(c) विद्यार्थी विभिन्न नई समस्याओं का समाधान करने के लिए उपयुक्त युक्तियों का उपयोग करते हैं।

**सही** विकल्प का चयन कीजिए :

(1) (b) और (c) (2) (a) और (c) (3) केवल (b) (4) (a) और (b)

SPACE FOR ROUGH WORK / रफ कार्य के लिए जगह

49. A class VI mathematics teacher posed the following problem to her students :

"In a morning walk, three persons started together. Their steps measure 70 cm, 85 cm and 95 cm respectively. What is the minimum distance each should walk so that all can cover the same distance in complete steps ?"

Which of the following concepts would be required to solve the given problem ?

(1) Concept of LCM
(2) Concept of division
(3) Concept of proportion
(4) Concept of HCF

कक्षा VI की एक गणित की शिक्षिका ने अपने विद्यार्थियों के समक्ष निम्नलिखित प्रश्न रखा।

"प्रात: कालीन सैर में तीन व्यक्ति एक साथ चलना प्रारंभ करते हैं। उनके कदमों की लंबाई क्रमश: 70 से.मी., 85 से.मी. और 95 से.मी. हैं। इनमें से प्रत्येक न्यूनतम कितनी दूरी चले कि वे वही दूरी पूरे-पूरे कदमों में तय कर सके ?"

निम्नलिखित में कौन-सी अवधारणाएँ दिए गए प्रश्न को हल करने के लिए आवश्यक होंगी ?

(1) लघुत्तम समापवर्तक (ल.स.) की अवधारणा
(2) विभाजन की अवधारणा
(3) समानुपात की अवधारणा
(4) महत्तम समापवर्तक (म.स.) की अवधारणा

50. The lengths of the parallel sides of a trapezium are 11 cm and 25 cm and the distance between them is 12 cm. Its area is equal to the area of a rectangle whose sides are in the ratio 3 : 2. What is the perimeter (in cm) of the rectangle ?

(1) 50 (2) 60 (3) 70 (4) 40

किसी समलंब चतुर्भुज की समांतर भुजाएँ 11 cm और 25 cm हैं और उनके बीच की दूरी 12 cm है। इसका क्षेत्रफल उस आयत के क्षेत्रफल के बराबर है जिसकी भुजाएँ 3 : 2 के अनुपात में हैं। उस आयत का परिमाप (cm में) क्या है ?

(1) 50 (2) 60 (3) 70 (4) 40

51. $x$ varies inversely as $y$. When $x=3.5$, then $y=2.4$. What is the value of $y$ when $x=5.6$ ?

(1) 1.5 (2) 2.1 (3) 2.8 (4) 1.4

$x$, $y$ के साथ व्युत्क्रमानुपाती विचरण करता है। जब $x=3.5$ है, तब $y=2.4$ है। जब $x=5.6$ है, तब $y$ का मान क्या होगा ?

(1) 1.5 (2) 2.1 (3) 2.8 (4) 1.4

SPACE FOR ROUGH WORK / रफ कार्य के लिए जगह

8012054 6

52. Which of the following is not a dimension of assessment of mathematics learning ?

(1) Patterns and procedures

(2) Disposition towards mathematics

(3) Mathematical reasoning

(4) Communication

निम्नलिखित में से कौन-सा गणित अधिगम के आकलन का आयाम नहीं है ?

(1) प्रतिमान (पैटर्न) और प्रक्रिया (कार्य-विधि)

(2) गणित के प्रति रूझान

(3) गणितीय तर्क

(4) सम्प्रेषण

53. Teacher conducted an oral assessment in class and found that Ram can speak definition of all types of numbers - odd, even, prime and composite accurately, but not able to identify the numbers accurately when given a set of numbers.

Which of the following is most appropriate for the above situation ?

(1) Ram has good memory but lacks concentration.

(2) Ram has good memory but lacks conceptual understanding.

(3) Ram has analytical ability.

(4) Ram has good memory but lacks practice.

शिक्षक ने कक्षा में मौखिक आकलन का आयोजन किया जिससे यह पता चला कि राम विषम, सम, अभाज्य और भाज्य जैसी सभी प्रकार की संख्याओं की यथार्थ रूप से परिभाषा बता सकता है, परन्तु जब संख्याओं का समुच्चय दिया गया तब वह संख्याओं को सही रूप से पहचान नहीं पाया।

उपरोक्त परिस्थिति के लिए निम्नलिखित में से कौन सा अति-उपयुक्त है ?

(1) राम की स्मरण शक्ति अच्छी है परन्तु एकाग्रता की कमी है।

(2) राम की स्मरण शक्ति अच्छी है परन्तु अवधारणात्मक बोध की कमी है।

(3) राम में विश्लेषणात्मक योग्यता है।

(4) राम की स्मरण शक्ति अच्छी है परन्तु अभ्यास की कमी है।

SPACE FOR ROUGH WORK / रफ कार्य के लिए जगह

8012054

54. The following table shows the number of different fruits kept in a carton :

| Type of fruits | Mangoes | Apples | Oranges | Guavas | Pome-granates |
|---|---|---|---|---|---|
| Number | 44 | 56 | 42 | 30 | 38 |

If a pie chart is constructed for the above data, what will be the angle of the sector representing apples ?

(1) 72° (2) 96° (3) 100.8° (4) 79.2°

निम्न सारणी में किसी डिब्बे में रखे गए विभिन्न फलों की संख्याओं को दर्शाया गया है :

| फलों के प्रकार | आम | सेब | संतरे | अमरूद | अनार |
|---|---|---|---|---|---|
| संख्या | 44 | 56 | 42 | 30 | 38 |

यदि उपरोक्त आंकड़ों का एक पाई चार्ट बनाया जाता है, तो उस त्रिज्यखंड का कोण क्या होगा जो सेबों को दर्शाता है ?

(1) 72° (2) 96° (3) 100.8° (4) 79.2°

55. A middle school mathematics teacher poses the following question to her class.

"Which type of graph would you use to show the following data ?

(a) The heights of participants in an athletics meet

(b) The number of passengers boarding trains from 9:00 am to 9:00 pm at a station."

The intention of the teacher is to -

(1) Introduce the concept of pie charts.

(2) Teach line graph through contextual situations.

(3) Teach the use of histograms for data representation.

(4) Help learners understand the difference between bar graph and line graph.

मिडल स्कूल की गणित की एक शिक्षिका अपनी कक्षा के समक्ष निम्नलिखित प्रश्न रखती है।

"निम्नलिखित आँकड़ों को दर्शाने के लिए आप किस प्रकार के आलेख का उपयोग करेंगे ?

(a) किसी खेलकूद प्रतियोगिता में प्रतिभागियों के कद

(b) किसी स्टेशन पर प्रातः 9:00 बजे से सायं 9:00 बजे तक रेलगाड़ियों से जाने वाले यात्रियों की संख्या।"

अध्यापिका का आशय है -

(1) पाई-चार्ट की अवधारणा का परिचय देना।

(2) रेखा-आलेख का संदर्भात्मक परिस्थितीयों द्वारा शिक्षण करना।

(3) आँकड़ों के निरूपण के लिए आयतचित्र के उपयोग का शिक्षण करना।

(4) दण्ड-आलेख और रेखा-आलेख के बीच के अंतर को समझने में शिक्षार्थियों की सहायता करना।

**SPACE FOR ROUGH WORK / रफ कार्य के लिए जगह**

56. Concept was labelled as 'Schema' by :

(1) Piaget (2) Bruner (3) Van Hieles (4) Vygotsky

_______ द्वारा अवधारणा को 'स्कीमा' के रूप में नामांकित किया गया था।

(1) पियाजे (2) ब्रूनर (3) वैन हैले (4) वाईगोत्सकी

57. Three consecutive integers are such that when they are taken in increasing order and multiplied by 3, 5 and 2, respectively, they add up to 99. What is the sum of the original first and third integers ?

(1) 18 (2) 20 (3) 24 (4) 16

तीन क्रमागत पूर्णांक इस प्रकार हैं कि जब उन्हें बढ़ते हुए क्रम में लिया जाता है और क्रमश: 3, 5 तथा 2 से गुणा करके जोड़ा जाता है, तो योगफल 99 प्राप्त होता है। आरंभिक पहले तथा तीसरे पूर्णांकों का योग क्या है ?

(1) 18 (2) 20 (3) 24 (4) 16

58. The difference between two supplementary angles is 20°. If the smaller of these angles is p, then the value of $3p-50°$ is :

(1) 270° (2) 250° (3) 190° (4) 310°

दो संपूरक कोणों का अंतर 20° है। यदि इनमें से छोटा कोण p है, तो $3p-50°$ का मान है :

(1) 270° (2) 250° (3) 190° (4) 310°

59. One of the factors of $p^3x+p^2(x-y)-p(y+z)-z$ is :

(1) $p^2x+py+z$ (2) $p^2x-py-z$ (3) $p^2x+py-z$ (4) $p^2x-py+z$

$p^3x+p^2(x-y)-p(y+z)-z$ के गुणनखंडों में से एक गुणनखंड है :

(1) $p^2x+py+z$ (2) $p^2x-py-z$ (3) $p^2x+py-z$ (4) $p^2x-py+z$

SPACE FOR ROUGH WORK / रफ कार्य के लिए जगह

60. A student was given the following problem on percentage to solve,

"Find the percentage of decrease if the population of a city decreased from 28,000 to 26,500."

She wrote the following solution,

Original population = 28,000; New population = 26,500

$$\% \text{ decrease} = \frac{26{,}500}{28{,}000} \times 100\% = 94.6\%$$

Which of the following is most appropriate with respect to the response of the student ?

(1) Student has solved the question correctly but has used wrong symbols in solution.

(2) Student does not know the concept of percentage.

(3) Student has made a careless mistake.

(4) Student is able to understand the concept of percentage but is not able to understand percentage of which quantity is to be found.

एक विद्यार्थी को प्रतिशतता पर निम्नलिखित समस्या हल करने को दी गई,

"अगर एक शहर की जनसंख्या 28,000 से घटकर 26,500 हो गई है तो जनसंख्या के घटने की प्रतिशतता ज्ञात कीजिए।"

उसने निम्नलिखित हल लिखा,

प्रारंभिक जनसंख्या = 28,000; नई जनसंख्या = 26,500

$$\text{घटने का } \% = \frac{26{,}500}{28{,}000} \times 100\% = 94.6\%$$

विद्यार्थी के उत्तर के संदर्भ में निम्नलिखित में से क्या सबसे उपयुक्त है ?

(1) विद्यार्थी ने प्रश्न को सही तरीके से हल किया है किन्तु उसने उत्तर में गलत चिन्हों का उपयोग किया है।

(2) विद्यार्थी प्रतिशतता की अवधारणा को नहीं जानता।

(3) विद्यार्थी ने असावधानीवश एक त्रुटी की है।

(4) विद्यार्थी प्रतिशतता की अवधारणा को समझने में सक्षम है परन्तु वह यह समझ पाने में समर्थ नहीं है कि किस राशि की प्रतिशतता ज्ञात करनी है।

SPACE FOR ROUGH WORK / रफ कार्य के लिए जगह

**Direction :** *Answer the following questions by selecting the* **correct/most appropriate** *options.*
**निर्देश :** *निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर देने के लिए* ***सही/सबसे उपयुक्त*** *विकल्प चुनिए।*

61. Which of the following is **not** desirable with respect to carrying out of a classroom demonstration by a teacher ?
(1) Emphasise beforehand the linkages that students are required to make
(2) Supplement the demonstration with explanations
(3) Follow up the demonstration with discussion
(4) Rehearse the demonstration before carrying it out in class

निम्नलिखित में से कौन सा शिक्षक द्वारा कक्षा में प्रदर्शन को कार्यान्वित करने के संबंध में वांछनीय **नहीं** है ?
(1) समय पूर्व ही उन अनुबंधों (संबंधों) पर बल देना जिनका निर्माण करना विद्यार्थियों के लिए आवश्यक है
(2) प्रदर्शन को व्याख्याओं से संपूरक करना (पूरा करना)
(3) परिचर्चा के साथ प्रदर्शन का अनुगमन करना
(4) कक्षा में कार्यान्वित करने से पूर्व प्रदर्शन का अभ्यास करना

62. Which of the following statement(s) is **correct** ?
(1) Fertilisers enhance the water holding capacity of the soil
(2) Fertilisers provide a lot of humus to the soil
(3) Fertilisers increase the number of friendly microbes in soil
(4) Fertilisers are richer in specific nutrients as compared to manure

निम्नलिखित में से कौन सा/से कथन **सही** है/हैं ?
(1) उर्वरक मृदा की जलधारण क्षमता में वृद्धि करते हैं
(2) उर्वरकों से मृदा को प्रचुर मात्रा में ह्यूमस प्राप्त होती है
(3) उर्वरकों से मृदा में मित्र जीवाणुओं की संख्या में वृद्धि हो जाती है
(4) खाद की अपेक्षा उर्वरक पोषकों के संबंध में अधिक समृद्ध होते हैं

63. A teacher, while teaching the chapter 'Body Movements' to class VI students shows the following images to her students :
A sailing boat, swimming fish and a flying aeroplane. She then asks the students to reflect on the shape of the images and the manner of movement. Which of the following are likely to be employed by students in answering ?
(a) Classifying (b) Observing (c) Inductive reasoning (d) Measuring
(1) (b) and (c) (2) (c) and (d) (3) (a) and (d) (4) (a) and (b)

एक शिक्षिका अपने कक्षा VI के विद्यार्थियों को 'शरीर में गति' पाठ पढ़ाते समय निम्नलिखित प्रतिबिम्ब दिखाती है :
जलयात्रा करती नाव, तैरती मछली और एक उड़ता हवाई जहाज। वह तत्पश्चात विद्यार्थियों को प्रतिबिम्बों की आकृति एवं गति के प्रकार को प्रतिबिम्बित करने के लिए कहती है। उत्तर देने के लिए विद्यार्थियों द्वारा निम्न में से किनको संभावित रूप से नियोजित किया जाएगा ?
(a) वर्गीकरण (b) अवलोकन (c) आगमनात्मक तर्कशीलता (d) मापन
(1) (b) और (c) (2) (c) और (d) (3) (a) और (d) (4) (a) और (b)

64. Identify the set of micronutrients (nutrients required by plants in small quantities) :
(1) Copper, Phosphorous, Calcium
(2) Sulphur, Aluminium, Chlorine
(3) Zinc, Iron, Manganese
(4) Potassium, Magnesium, Copper

निम्नलिखित में से पादप (पौधे) सूक्ष्म पोषकों के समुच्चय (लघु मात्राओं में पादपों द्वारा आपेक्षित पोषक) की पहचान कीजिए :
(1) ताँबा, फॉस्फोरस, कैल्सियम
(2) सल्फ़र, ऐलुमिनियम, क्लोरीन
(3) जिंक (जस्ता), लौह, मैंगनीज़
(4) पोटैशियम, मैग्नीशियम, ताँबा

65. Which of the following is **NOT** indicative of the hypothesising skill ?
(1) Attempting to explain observations or relationships in terms of some principle
(2) Using the senses to gather information
(3) Identifying variables for an experiment
(4) Formulating questions which lead to inquiry

निम्नलिखित में से कौन सा परिकल्पना करने के कौशल का निर्देशक **नहीं** है?
(1) कुछ सिद्धांतों के विषय में अवलोकनों अथवा संबंधों की व्याख्या करने का प्रयास करना
(2) सूचना एकत्र करने के लिए ज्ञानेंद्रियों का उपयोग करना
(3) किसी प्रयोग के लिए चरों की पहचान करना
(4) खोजबीन तक ले जाने वाले प्रश्न बनाना

66. Read the following text :
When a negatively charged rod is brought near an uncharged electroscope,
(a) the electroscope leaves move further apart
(b) both the electroscope leaves acquire similar charge
(c) the negative charges pass on to the electroscope causing its leaves to move further apart
Of the above three statements :
(1) (a) and (b) are observations and (c) is an inference
(2) (a), (b) and (c) are observations
(3) (a), (b) and (c) are inferences
(4) (a) is an observation while (b) and (c) are inferences

निम्नलिखित लेख को पढ़िए :
जब ऋणात्मक रूप से आवेशित छड़ (रॉड) को अनावेशित विद्युतदर्शी के निकट लाया जाता है,
(a) विद्युतदर्शी पत्तियाँ एक दूसरे से और दूर जाएँगी
(b) दोनों विद्युतदर्शी पत्तियाँ समान आवेश अर्जित करेंगी
(c) ऋणात्मक आवेशों को विद्युतदर्शी पर हस्तांतरित किया जाता है जिसके परिणामस्वरूप इसकी पत्तियाँ एक-दूसरे से और दूर चली जाती हैं
उपरोक्त तीन कथनों के :
(1) (a) और (b) अवलोकन है और (c) अनुमान है
(2) (a), (b) और (c) अवलोकन हैं
(3) (a), (b) और (c) अनुमान हैं
(4) (a) अवलोकन है जबकि (b) और (c) अनुमान है

67. Find the set that correctly matches the plants in column A with the mode of asexual reproduction which they exhibit :

| | Column A | | Column B |
|---|---|---|---|
| (a) | Rose | (i) | Budding |
| (b) | Yeast | (ii) | Spore formation |
| (c) | Ferns | (iii) | Fragmentation |
| (d) | Spirogyra | (iv) | Pollination |
| | | (v) | Vegetative propagation |

(1) (a)-(iv), (b)-(i), (c)-(v), (d)-(iii) (2) (a)-(v), (b)-(iii), (c)-(ii), (d)-(i)
(3) (a)-(iv), (b)-(iii), (c)-(i), (d)-(ii) (4) (a)-(v), (b)-(i), (c)-(ii), (d)-(iii)

उस समुच्चय को ढूँढ़िए जोकि कॉलम A में पादपों का उनके द्वारा प्रदर्शित अलैंगिक जनन की विधि के साथ सही प्रकार से सुमेल करता है :

| | कॉलम A | | कॉलम B |
|---|---|---|---|
| (a) | गुलाब | (i) | मुकुलन |
| (b) | यीस्ट (खमीर) | (ii) | बीजाणु रचना |
| (c) | फर्न (पर्णांग) | (iii) | खंडन |
| (d) | स्पाइरोगाइरा | (iv) | परागण |
| | | (v) | कायिक प्रवर्धन |

(1) (a)-(iv), (b)-(i), (c)-(v), (d)-(iii) (2) (a)-(v), (b)-(iii), (c)-(ii), (d)-(i)
(3) (a)-(iv), (b)-(iii), (c)-(i), (d)-(ii) (4) (a)-(v), (b)-(i), (c)-(ii), (d)-(iii)

68. Read the following paragraph carefully and select the option which would correctly fill the blanks in the given order.

Sound is produced by vibration and different musical instruments have specific vibrating parts. In a __X__ the sound is produced by stretched strings, in a __Y__ it is the stretched membrane that vibrates and in a __Z__ the vibrating part that produces sound is the air column.

X, Y and Z can respectively be :

(1) dholak, ektara, mouth organ (2) guitar, tabla, shehnai
(3) ektara, violin, piano (4) sitar, harmonium, dholak

निम्नलिखित अनुच्छेद को ध्यानपूर्वक पढ़िए तथा उस विकल्प का चयन कीजिए जोकि सही प्रकार से दिए गए क्रम में रिक्त स्थानों को भरें।

ध्वनि कंपन द्वारा उत्पन्न होती है तथा भिन्न-भिन्न वाद्य यंत्रों के विशिष्ट कंपमान भाग होते हैं। __X__ में ध्वनि तानित तारों द्वारा उत्पन्न होती है, __Y__ में तानित झिल्ली है जो कंपन करती है तथा __Z__ में ध्वनि उत्पन्न करने वाला कंपमान भाग, वायु-स्तंभ (कॉलम) है।

X, Y और Z क्रमश: हो सकते हैं :

(1) ढोलक, इकतारा, मुख-आर्गन (2) गिटार, तबला, शहनाई
(3) इकतारा, वायलिन, पियानो (4) सितार, हार्मोनियम, ढोलक

69. Which of the following would be a most suitable strategy to introduce the topic 'deficiency diseases' at upper primary level ?

(1) Arrange for a doctor's prescription pertaining to a deficiency disease and hold a discussion around it.

(2) List the various nutrients and the functions they perform in human body.

(3) Hold a discussion on common human diseases.

(4) Provide a definition of balanced diet and introduce the concept of deficiency.

उच्च प्राथमिक स्तर पर 'अभावजन्य रोग' विषय को प्रस्तुत करने की निम्नलिखित में से कौन सी सबसे उपयुक्त रणनीति होगी ?

(1) अभावजन्य रोग से संबंधित डॉक्टर (चिकित्सक) के प्रदेशन की व्यवस्था कर उस पर परिचर्चा करना

(2) मानव शरीर में विभिन्न पोषकों और जिन क्रियाओं का वे निष्पादन करते हैं उसे सूचीबद्ध करना

(3) सामान्य मानव संबंधी रोगों पर परिचर्चा करना

(4) संतुलित आहार की परिभाषा प्रदान करना तथा अभाव की अवधारणा को प्रस्तुत करना

70. Seed dispersal may be said to help the plants in all of the following except :

(1) avoid competition for sunlight, water and minerals

(2) invade new habitats

(3) produce new varieties

(4) over crowding

कहा-जा सकता है कि निम्नलिखित में से सभी में बीज प्रकीर्णन् ने पादपों को लाभ पहुँचाया है (सहायता की है) सिवाय :

(1) सूर्य के प्रकाश, जल एवं खनिजों के लिए प्रतिस्पर्धा टालने के

(2) नए आवासों में अपनी पकड़ बनाने के

(3) नई किस्में उत्पन्न करने के

(4) अतिसंकुलता

71. Read the following statements carefully and select the **correct** option.

**Assertion (A) :** The stars in the night sky appear to move from east to west.

**Reason (R) :** The earth rotates from west to east.

(1) **(A)** and **(R)** are both correct but **(R)** is not the correct explanation for **(A)**.

(2) **(A)** is correct but **(R)** is incorrect.

(3) **(A)** and **(R)** are both incorrect.

(4) **(A)** and **(R)** are both correct and **(R)** is the correct explanation for **(A)**.

निम्नलिखित कथनों को ध्यानपूर्वक पढ़िए तथा **सही** विकल्प का चयन कीजिए।

**अभिकथन (A) :** रात्रि आकाश में तारे पूर्व से पश्चिम की ओर गति करते प्रतीत होते हैं।

**तर्क (R) :** पृथ्वी पश्चिम से पूर्व दिशा में घूर्णन करती है।

(1) **(A)** और **(R)** दोनों सही हैं परन्तु **(R)**, **(A)** की सही व्याख्या नहीं है।

(2) **(A)** सही है परन्तु **(R)** गलत है।

(3) **(A)** और **(R)** दोनों गलत हैं।

(4) **(A)** और **(R)** दोनों सही हैं तथा **(R)**, **(A)** की सही व्याख्या है।

72. Identify the **correct** statement(s) :

(a) : A fact is an observation that has repeatedly been found to be true over the time.

(b) : A law is a theory that has repeatedly been found to be true over the time.

(1) (a) and (b) (2) Only (b)

(3) Neither (a) nor (b) (4) Only (a)

**सही** कथन/कथनों की पहचान कीजिए :

(a) : तथ्य एक अवलोकन है जिसे समयोपरि बारंबार सही पाया गया है।

(b) : नियम एक सिद्धांत है जिसे समयोपरि बारंबार सही पाया गया है।

(1) (a) और (b) (2) केवल (b)

(3) (a) और (b) में कोई भी नहीं (4) केवल (a)

73. A ball is thrown up in the air. It reaches a maximum height and then returns to the thrower. Which of the following quantities have the same values during the upward and downward motion of the ball ?

(1) Force of gravity (2) Displacement

(3) Work done by gravity (4) Acceleration

एक गेंद को हवा में ऊपर की ओर फेंका गया। वह अधिकतम ऊँचाई तक पहुँचने के तत्पश्चात फेंकने वाले के पास वापस आ गई।

गेंद की उपरिमुखी और अधोमुखी गति/चाल के समय निम्नलिखित में से कौन सी राशियों का समान मान है ?

(1) गुरुत्व का बल (2) विस्थापन

(3) गुरुत्व द्वारा किया गया कार्य (4) त्वरण

74. Read the following statements carefully and select the **correct** option.

S1 : Rayon is a synthetic fibre.

S2 : Rayon is made without using any natural raw material.

(1) S1 is true and S2 is false (2) S1 is false and S2 is true

(3) Both S1 and S2 are false (4) Both S1 and S2 are true

निम्नलिखित कथनों को ध्यानपूर्वक पढ़िए तथा **सही** विकल्प का चयन कीजिए :

S1 : रेयॉन एक संश्लिष्ट तंतु है।

S2 : रेयान को बिना किसी प्राकृतिक कच्चे माल के प्रयोग के बनाया जाता है।

(1) S1 सही है और S2 गलत है (2) S1 गलत है और S2 सही है

(3) S1 व S2 दोनों गलत हैं (4) S1 व S2 दोनों सही हैं

75. Which of the following gases are responsible for acid rain ?

(a) Nitrogen (b) Oxygen (c) Ozone

(d) Sulphur dioxide (e) Nitric oxide

(1) (b) and (c) (2) (c) and (d) (3) (d) and (e) (4) (a) and (b)

निम्नलिखित में कौन सी गैसें अम्लीय वर्षा के लिए उत्तरदायी हैं ?

(a) नाइट्रोजन (b) ऑक्सीजन (c) ओज़ोन

(d) सल्फर डाइऑक्साइड (e) नाइट्रिक ऑक्साइड

(1) (b) और (c) (2) (c) और (d) (3) (d) और (e) (4) (a) और (b)

76. X and Y are thick, black liquids which can be used for metalling the roads. X is derived from petroleum and Y is derived from coal. Which of the following can X and Y respectively be ?

(1) Coal Tar, Charcoal
(2) Charcoal, Bitumen
(3) Coal Tar, Bitumen
(4) Bitumen, Coal Tar

X और Y गाढ़े काले द्रव हैं जिनका प्रयोग सड़कों को पक्का करने के लिए किया जा सकता है। X पेट्रोलियम से व्युत्पन्न है तथा Y कोयले से व्युत्पन्न है। निम्नलिखित में से कौन सा क्रमश: X और Y हो सकता है?

(1) कोलतार, चारकोल (काष्ठ-कोयला)
(2) चारकोल (काष्ठ-कोयला), बिटुमेन
(3) कोलतार, बिटुमेन
(4) बिटुमेन, कोलतार

77. Which of the following is the most suitable reason behind Newtons theory of gravitation being regarded as an excellent theory ?

(1) It has been arrived at after thorough experimentation
(2) It has been formulated using the precise language of mathematics
(3) It has been developed over a long period of time
(4) It explains larger number of observations by making fewer assumptions

न्यूटन के गुरुत्वाकर्षण के सिद्धांत को एक उत्कृष्ट सिद्धांत मानने के पीछे निम्नलिखित में से कौन सा सर्वाधिक उपयुक्त कारण है?

(1) इस पर पूर्ण प्रयोग के पश्चात ही पहुँचा गया है
(2) इसे परिशुद्ध गणित भाषा का प्रयोग करके सूत्रबद्ध किया गया है
(3) इसे दीर्घसमय अवधि में विकसित किया गया है
(4) यह कम धारणाएँ बनाकर बड़ी संख्या में प्रेक्षणों की व्याख्या करता है

78. Read the following statements and select the **correct** option.

**Assertion (A) :**

Dried raisins when left in plain water for some time swell due to osmosis.

**Reason (R) :**

Plant cells have a selectively permeable cell membrane.

(1) **(A)** and **(R)** are both correct but **(R)** is not the correct explanation for **(A)**.
(2) **(A)** is correct but **(R)** is incorrect.
(3) **(A)** is incorrect but **(R)** is correct.
(4) **(A)** and **(R)** are both correct and **(R)** is the correct explanation for **(A)**.

निम्नलिखित कथनों को पढ़िए और **सही** विकल्प का चयन कीजिए :

**अभिकथन (A) :**

सूखी हुई किशमिश को जब कुछ समय के लिए सादे जल में छोड़ दिया गया तो वह परासरण के कारण फूल जाती है।

**तर्क (R) :**

पादप कोशिकाओं में वरणात्मक रूप से पारगम्य कोशिका झिल्ली होती है।

(1) **(A)** और **(R)** दोनों सही हैं परन्तु **(R)**, **(A)** की सही व्याख्या नहीं है।
(2) **(A)** सही है परन्तु **(R)** गलत है।
(3) **(A)** गलत है परन्तु **(R)** सही है।
(4) **(A)** और **(R)** दोनों सही हैं तथा **(R)**, **(A)** की सही व्याख्या है।

79. Which of the following best explains the statement 'science promotes scepticism' ?

(1) Science is purely inductive in nature

(2) Scientists do not trust the findings of other scientists

(3) Scientists are open-minded and willing to modify their ideas

(4) Scientists judge the validity of a claim based on objective empirical evidence

निम्नलिखित में से कौन श्रेष्ठ रूप से 'विज्ञान संदेहवाद को बढ़ावा देता है' कथन की व्याख्या करता है ?

(1) विज्ञान प्रकृति में शुद्ध रूप से आगमनात्मक है

(2) वैज्ञानिक दूसरे (अन्य) वैज्ञानिकों के जाँच-परिणामों पर विश्वास नहीं करते हैं

(3) वैज्ञानिक उन्मुक्त विचार वाले होते हैं तथा अपने विचारों को रूपांतरित करने के इच्छुक होते हैं

(4) विषयनिष्ठ आनुभाविक साक्ष्यों के आधार पर वैज्ञानिक दावे की वैधता को आंकते हैं

80. Which of the following statements regarding rusting of iron are **true** ?

(a) It involves a chemical reaction between iron and oxygen.

(b) It is an exothermic reaction.

(c) It can take place at room temperature.

(d) It is reversible reaction.

(1) (b) and (c) (2) (a) and (d) (3) (a), (b) and (c) (4) (a), (b), (d)

निम्नलिखित में से कौन से कथन लोहे में जंग लगने के संबंध में **सही** हैं ?

(a) यह लौह (लोहे) और ऑक्सीजन के बीच रासायनिक अभिक्रिया को शामिल करता है।

(b) यह एक ऊष्माक्षेपी अभिक्रिया है।

(c) यह सामान्य ताप (कोष्ठ-ताप) पर हो सकता है।

(d) यह उत्क्रमणीय अभिक्रिया है।

(1) (b) और (c) (2) (a) और (d) (3) (a), (b) और (c) (4) (a), (b), (d)

81. Which of the following is a set of animals in which all show external fertilization ?

(1) Lizards, butterflies, frogs (2) Butterflies, frogs, fish

(3) Frogs, fish, starfish (4) Hens, lizards, butterflies

निम्नलिखित में से उन जंतुओं का समुच्चय कौन सा है जो सभी बाह्य निषेचन को दर्शाते हैं ?

(1) छिपकली, तितली, मेंढ़क (2) तितली, मेंढ़क, मछली

(3) मेंढ़क, मछली, स्टॉरफिश (4) मुर्गी, छिपकली, तितली

82. A body has a linear momentum of p and a mass of m. The kinetic energy of the body is :

(1) $2p^2m$ (2) $\frac{p^2}{2m}$ (3) pm (4) $p^2m$

एक पिंड का रैखिक संवेग p तथा द्रव्यमान (संहति) m है। गतिज ऊर्जा क्या है?

(1) $2p^2m$ (2) $\frac{p^2}{2m}$ (3) pm (4) $p^2m$

83. Identify the **correct** statements from the following :

(a) Generally non-metals do not react with water.

(b) Generally non-metals do not react with acids.

(1) Only (b) (2) Both (a) and (b)

(3) Neither (a) nor (b) (4) Only (a)

निम्नलिखित में से **सही** कथनों की पहचान कीजिए :

(a) सामान्यतः अधातु जल के साथ अभिक्रिया नहीं करते।

(b) सामान्यतः अधातु अम्लों के साथ अभिक्रिया नहीं करते।

(1) केवल (b) (2) (a) और (b) दोनों

(3) न तो (a) न ही (b) (4) केवल (a)

84. A box of mass 500 gm is lying on a horizontal table. Which of the following statements is **true** regarding the force(s) acting on it ? [$g = 10\ m/s^2$]

(1) An unbalanced force of 5 N acts on it in downward direction

(2) A pair of balanced forces acts on it

(3) An unbalanced force of 5 N acts on it in the upward direction

(4) No force acts on it

क्षैतिज (अनुप्रस्थ) मेज (टेबल) पर पड़े हुए एक डिब्बे (बॉक्स) का द्रव्यमान (संहति) 500 ग्राम है। उस पर लगने वाले बल/बलों के संबंध में निम्नलिखित में से कौन सा कथन **सही** है? [$g = 10\ m/s^2$]

(1) अधोमुखी दिशा में उस पर 5 N का असंतुलित बल कार्य करता है

(2) संतुलित बलों का एक युग्म (युगल) उस पर कार्य करता है

(3) उपरिमुखी दिशा में उस पर 5 N का असंतुलित बल कार्य करता है

(4) उस पर कोई बल कार्य नहीं करता है

85. The difference between maximum and minimum resistance that can be obtained by connecting three resistances of $\frac{1}{3}\,\Omega$ each is :

(1) $\frac{8}{9}\,\Omega$ (2) $1\,\Omega$ (3) $\frac{1}{9}\,\Omega$ (4) $\frac{2}{3}\,\Omega$

अधिकतम और न्यूनतम प्रतिरोध के बीच का अंतर जोकि प्रत्येक $\frac{1}{3}\,\Omega$ के तीन प्रतिरोधों को जोड़ने के द्वारा प्राप्त की जा सकती है, वह है :

(1) $\frac{8}{9}\,\Omega$ (2) $1\,\Omega$ (3) $\frac{1}{9}\,\Omega$ (4) $\frac{2}{3}\,\Omega$

86. Which of the following is the most suitable strategy for introducing the students to the concept of 'chemical reactions' at upper primary level ?

(1) Write the chemical equations in symbolic form and ask students to observe

(2) Define a chemical reaction and give examples

(3) Hold a discussion on chemical reactions which students are likely to have observed in their lives

(4) Explain the concept of valence electrons and electronic configuration

उच्च प्राथमिक स्तर पर 'रासायनिक अभिक्रिया' की अवधारणा से विद्यार्थियों को परिचित कराने के लिए निम्नलिखित में से कौन सी अति उपयुक्त रणनीति है ?

(1) रासायनिक समीकरणों को प्रतीकात्मक रूप में लिखना तथा विद्यार्थियों को अवलोकन करने के लिए कहना

(2) रासायनिक अभिक्रिया को परिभाषित करना तथा उदाहरण देना

(3) उन रासायनिक अभिक्रियाओं पर परिचर्चा करना जिनका विद्यार्थियों ने उनके जीवन में संभावित रूप से अवलोकन कर रखा है

(4) संयोजकता इलेक्ट्रॉन और इलेक्ट्रॉनिक विन्यास की अवधारणा की व्याख्या करना



8012205546

87. Consider the test item given below and match the following :

| Column - A | Column - B |
| --- | --- |
| Unit of force | Joule |
| Symbol of iron | HCl |
| Formula of hydrochloric acid | Ag |
| Unit of work | —\|ı\|ı\|— |
| Symbol of silver | Calorie |
| Symbol of battery | Fe |
| | Newton |

Which of the following is **not** a reason that can be given to justify that the item is poorly constructed ?

(1) There are unequal entries in column A and B

(2) The matching pairs can be easily guessed

(3) There is inconsistency among entries

(4) For an entry in column A there are at the most two plausible entries in column B

नीचे दी गई परीक्षण सामग्री पर विचार कीजिए तथा निम्नलिखित को सुमेल कीजिए :

| कॉलम - A | कॉलम - B |
| --- | --- |
| बल की इकाई (मात्रक) | जूल |
| लौह का चिन्ह | HCl |
| हाइड्रोक्लोरिक अम्ल का सूत्र | Ag |
| कार्य की इकाई (मात्रक) | —\|ı\|ı\|— |
| चाँदी का चिन्ह | कैलोरी |
| बैटरी का चिन्ह | Fe |
| | न्यूटन |

यह उचित सिद्ध करने के लिए कि सामग्री जैसे-तैसे बना दी गई है इसका निम्नलिखित में से कौन सा कारण **नहीं** दिया जा सकता है ?

(1) कॉलम A और B में असमान प्रविष्टियाँ हैं

(2) मिलते हुए युग्मों का सरलता से अनुमान लगाया जा सकता है

(3) प्रविष्टियों में (के बीच में) विसंगति है

(4) कॉलम A में किसी प्रविष्टि के लिए कॉलम B में अधिकतम दो युक्तियुक्त प्रविष्टियाँ हैं

88. Which of the following plant disease(s) are caused by bacteria ?

(a) Rust of wheat (b) Citrus tanker (c) Yellow vein mosaic of bhindi

(1) Only (b) (2) (b) and (c) (3) Only (c) (4) (a) and (b)

निम्नलिखित में से कौन से पादप रोग (व्याधि/बीमारी) जीवाणु द्वारा होते हैं ?

(a) गेहूँ में घुन लगना (गेहूँ का किट्ट) (b) सिट्रस टैंकर (c) भिंडी की पीत शिरा किर्मीर

(1) केवल (b) (2) (b) और (c) (3) केवल (c) (4) (a) और (b)

89. ___X___ is a device which is used to see around corners and is based on the principle of ___Y___.
X and Y respectively are :

(1) Kaleidoscope, refraction (2) Periscope, reflection

(3) Periscope, dispersion (4) Telescope, reflection

___X___ एक यन्त्र है जिसका प्रयोग कोनों के इर्दगिर्द देखने के लिए किया जाता है और यह ___Y___ के सिद्धांत पर आधारित है।
X और Y क्रमशः है :

(1) बहुरूपदर्शी, अपवर्तन (2) परिदर्शी, परावर्तन

(3) परिदर्शी, प्रकीर्णन (4) दूरदर्शक (टेलीस्कोप), परावर्तन

90. Match the substances in **column A** with their chemical names in **column B.**

| | **(A)** | | **(B)** |
|---|---|---|---|
| (a) | Slaked lime | (i) | Calcium oxide |
| (b) | Table salt | (ii) | Sodium bicarbonate |
| (c) | Limestone | (iii) | Calcium carbonate |
| (d) | Caustic soda | (iv) | Calcium hydroxide |
| (e) | Quick lime | (v) | Sodium hydroxide |
| (f) | Baking soda | (vi) | Sodium chloride |

(1) (a)-(vi), (b)-(ii), (c)-(v), (d)-(i), (e)-(iii), (f)-(iv)

(2) (a)-(i), (b)-(vi), (c)-(iii), (d)-(v), (e)-(ii), (f)-(iv)

(3) (a)-(iv), (b)-(v), (c)-(iii), (d)-(ii), (e)-(i), (f)-(vi)

(4) (a)-(iv), (b)-(vi), (c)-(iii), (d)-(v), (e)-(i), (f)-(ii)

**कॉलम A** में दिए गए पदार्थों का **कॉलम B** में दिए गए उनके रासायनिक नामों के साथ सुमेल कीजिए :

| | **(A)** | | **(B)** |
|---|---|---|---|
| (a) | बुझा चूना | (i) | कैल्सियम ऑक्साइड |
| (b) | सादा नमक | (ii) | सोडियम बाइकार्बोनेट |
| (c) | चूना पत्थर | (iii) | कैल्सियम कार्बोनेट |
| (d) | कॉस्टिक सोडा | (iv) | कैल्सियम हाइड्रोक्साइड |
| (e) | बिनाबुझा चूना | (v) | सोडियम हाइड्रोक्साइड |
| (f) | बेकिंग सोडा (खाना) | (vi) | सोडियम क्लोराइड |

(1) (a)-(vi), (b)-(ii), (c)-(v), (d)-(i), (e)-(iii), (f)-(iv)

(2) (a)-(i), (b)-(vi), (c)-(iii), (d)-(v), (e)-(ii), (f)-(iv)

(3) (a)-(iv), (b)-(v), (c)-(iii), (d)-(ii), (e)-(i), (f)-(vi)

(4) (a)-(iv), (b)-(vi), (c)-(iii), (d)-(v), (e)-(i), (f)-(ii)

NaHCO3

NaHCO3

CaO

NaCl

**IMPORTANT / महत्त्वपूर्ण**

*Candidates have to do questions 31 to 90 EITHER from Part - II (Mathematics and Science) OR from Part - III (Social Studies / Social Science).*

*परीक्षार्थियों को प्रश्न 31 से 90 या तो भाग - II ( गणित व विज्ञान ) या भाग - III ( सामाजिक अध्ययन / सामाजिक विज्ञान ) से करने हैं।*

## PART - III / भाग - III

## SOCIAL STUDIES / SOCIAL SCIENCE - सामाजिक अध्ययन / सामाजिक विज्ञान

*Direction : Answer the following questions by selecting the* **correct/most appropriate** *options.*

*निर्देश : निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर देने के लिए* **सही/सबसे उपयुक्त** *विकल्प चुनिए।*

31. Torrid Zone on Earth receives maximum heat as :
    (1) it is bounded by oceans
    (2) the mid-day sun is exactly overhead
    (3) rays of the sun are slanting here
    (4) it is land locked

    पृथ्वी पर उष्ण कटिबंधीय क्षेत्र सबसे अधिक ऊष्मा प्राप्त करते हैं क्योंकि :
    (1) यह महासागरों से घिरी है
    (2) दोपहर का सूर्य ठीक सिर के ऊपर होता है
    (3) यहाँ सूर्य की किरणें तिरछी होती हैं
    (4) यह स्थलरुद्ध है

32. India and Bangladesh are leading producers of jute. Choose the correct statements that support growth of jute.
    (a) It grows well in alluvial soil.
    (b) It requires high temperature.
    (c) It requires low temperature and low rainfall.
    (d) It requires heavy rainfall and humidity.

    Choose the **correct** options :
    (1) (a), (b), (d) are correct  (2) (b), (c), (d) are correct
    (3) (a), (c), (d) are correct  (4) (a), (b), (c) are correct

    भारत और बांग्लादेश पटसन (जूट) के अग्रणी उत्पादक हैं। पटसन की वृद्धि को बल प्रदान करने वाले कथनों का चयन कीजिए।
    (a) यह जलोढ़ मृदा में अच्छे ढंग से विकसित होता है।
    (b) इसे उच्च तापमान की आवश्यकता होती है।
    (c) इसे निम्न तापमान और निम्न वर्षा की आवश्यकता होती है।
    (d) इसे भारी वर्षा और आर्द्रता की आवश्यकता होती है।

    **सही** विकल्प का चयन कीजिए।
    (1) (a), (b), (d) सही हैं  (2) (b), (c), (d) सही हैं
    (3) (a), (c), (d) सही हैं  (4) (a), (b), (c) सही हैं

33. Read the **Assertion (A)** and **Reason (R)** carefully :

**Assertion (A) :**

In 1960, the bilingual state of Bombay was divided into separate states for Marathi and Gujarati speaking people.

**Reason (R) :**

In 1966, the state of Punjab was also divided into two States Punjab for Punjabi speakers and Haryana for Haryanavi or Hindi speakers.

Choose the **correct** option of the following :

(1) Both **(A)** and **(R)** are true but **(R)** does not explain **(A)**

(2) **(A)** is true but **(R)** is false

(3) **(A)** is false but **(R)** is true

(4) Both **(A)** and **(R)** are true and **(R)** explains **(A)**

**अभिकथन** (A) तथा **कारण** (R) को ध्यान से पढ़ें :

**अभिकथन (A) :**

1960 में द्विभाषी बम्बई प्रांत को मराठी और गुजराती भाषी लोगों के लिये दो अलग-अलग राज्यों में बाँटा गया।

**कारण (R) :**

1966 में पंजाब का भी विभाजन दो राज्यों में हुआ। पंजाब, पंजाबी भाषियों के लिए और हरियाणा, हरियाणवी या हिन्दी बोलने वालों के लिए।

निम्नलिखित में से **सही** विकल्प चुनें :

(1) दोनों **(A)** एवं **(R)** सही हैं किन्तु **(R)**, **(A)** की व्याख्या नहीं करता।

(2) **(A)** सही है किन्तु **(R)** गलत।

(3) **(A)** गलत है किन्तु **(R)** सही।

(4) दोनों **(A)** एवं **(R)** सही हैं तथा **(R)**, **(A)** की व्याख्या करता है।

34. Read the statements **(A)** and **(B)** carefully :

**(A) :** In 1817, James Mill published 'A History of British India' in three volumes.

**(B) :** In this he divided Indian history into three periods - Ancient, Medieval and Modern.

Choose the **correct** option of the following :

(1) Both **(A)** and **(B)** are false

(2) **(A)** is true but **(B)** is false

(3) **(A)** is false but **(B)** is true

(4) Both **(A)** and **(B)** are true

कथनों, **(A)** तथा **(B)** को ध्यान से पढ़ें :

**(A) :** जेम्स मिल ने 1817 में 'ए हिस्ट्री ऑफ ब्रिटिश इंडिया' तीन भागों में प्रकाशित किया।

**(B) :** इसमें उन्होंने भारतीय इतिहास को तीन कालों - प्राचीन, मध्य और आधुनिक में बाँटा है।

निम्नलिखित में से **सही** विकल्प चुनें :

(1) दोनों **(A)** तथा **(B)** गलत हैं।

(2) **(A)** सही है किन्तु **(B)** गलत।

(3) **(A)** गलत है किन्तु **(B)** सही।

(4) दोनों **(A)** तथा **(B)** सही हैं।

35. Ladakh is also called Little Tibet due to :

(a) Geographical proximity
(b) Religious similarity
(c) Similar cuisines
(d) Linguistic similarity

Choose the **correct** options :

(1) (b), (c) and (d)
(2) (a), (b) and (d)
(3) (a), (b), (c) and (d)
(4) (a), (b) and (c)

__________ के कारण लद्दाख को छोटा तिब्बत भी कहते हैं।

(a) भौगोलिक सामीप्य
(b) धार्मिक समानता
(c) समान भोजन
(d) भाषाई समानता

**सही** विकल्प का चयन कीजिए।

(1) (b), (c) और (d)
(2) (a), (b) और (d)
(3) (a), (b), (c) और (d)
(4) (a), (b) और (c)

36. The atmosphere is a thin layer of air surrounding the Earth. What keeps the air to remain around the earth ?

(1) Heat of the sun
(2) Rocks and oceans on the earth
(3) Gravitational force of moon
(4) Gravitational force of the Earth

पृथ्वी के चारों ओर फैली वायु की पतली परत को वायुमंडल कहते हैं। क्या चीज़ वायु को पृथ्वी के चारों ओर बनाए रखती है ?

(1) सूर्य की ऊष्मा
(2) पृथ्वी पर चट्टानें और महासागर
(3) चाँद का गुरुत्वाकर्षण बल
(4) पृथ्वी का गुरुत्वाकर्षण बल

37. Read the **assertion (A)** and **reason (R)** carefully :

**Assertion (A) :**

Dadabhai Naoroji, one of the great leader of Indian National Congress, never become the President of INC.

**Reason (R) :**

He was a businessman and publicist settled in London and for sometime a member of the British Parliament.

Choose the **correct** option of the following :

(1) Both **(A)** and **(R)** are true but **(R)** does not explain **(A)**
(2) **(A)** is true but **(R)** is false
(3) **(A)** is false but **(R)** is true
(4) Both **(A)** and **(R)** are true and **(R)** explains **(A)**

**अभिकथन (A)** तथा **कारण (R)** को ध्यान से पढ़ें :

**अभिकथन (A) :**

दादाभाई नौरोजी, जो कि भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के बड़े नेता थे, कभी भी भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के अध्यक्ष नहीं बने।

**कारण (R) :**

वह व्यवसायी और प्रचारक थे। वे लंदन में रहते थे और कुछ समय के लिए ब्रिटिश संसद के सदस्य भी रहे।

निम्नलिखित में से **सही** विकल्प चुनें :

(1) दोनों **(A)** एवं **(R)** सही हैं किन्तु **(R)**, **(A)** की व्याख्या नहीं करता।
(2) **(A)** सही है किन्तु **(R)** गलत।
(3) **(A)** गलत है किन्तु **(R)** सही।
(4) दोनों **(A)** एवं **(R)** सही हैं तथा **(R)**, **(A)** की व्याख्या करता है।

38. Which one of the following is **not** true regarding Hindustan Socialist Republican Association (HSRA). Choose the **correct** option :

(1) It was founded in 1928 at Firozeshah Kotla in Delhi.

(2) It was founded in 1928 at Amritsar in Punjab.

(3) Members of the HSRA assassinated Saunders, a police officer.

(4) Bhagat Singh and his comrades founded this organisation.

हिन्दुस्तान सोशलिस्ट रिपब्लिकन एसोसिएशन (एच.एस.आर.ए.) के बारे में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही **नहीं** है? **सही** विकल्प चुनें :

(1) 1928 में दिल्ली के फिरोजशाह कोटला में इसकी स्थापना हुई।

(2) 1928 में पंजाब के अमृतसर में इसकी स्थापना हुई।

(3) एच.एस.आर.ए. के सदस्यों ने सांडर्स नामक पुलिस अफसर की हत्या की थी।

(4) भगत सिंह और उनके क्रांतिकारी साथियों ने इसकी स्थापना की थी।

39. Winds blow dry leaves down the pavement. How do winds blow ?

(1) Movement of air from low pressure area to high pressure areas.

(2) Movement of condensed air.

(3) Movement of plants and animals.

(4) Movement of air from high pressure area to low pressure area.

पवन सड़क पर गिरी सूखी पत्तियों को उड़ाती हैं। पवन कैसे बहती है ?

(1) निम्न दाब क्षेत्र से उच्च दाब क्षेत्र की ओर वायु की गति।

(2) संघनित वायु की गति।

(3) पौधों और जीव-जंतुओं की गति।

(4) उच्च दाब क्षेत्र से निम्न दाब क्षेत्र की ओर वायु की गति।

40. The earliest evidence of growing crops like wheat and barley are located in which one of the following places ? Choose the **correct** option.

(1) Malabar hills (2) Sulaiman and Kirthar hills

(3) Nilgiri hills (4) Garo hills

'गेहूँ' एवं 'जौ' जैसे फसल उगाने के सर्वप्रथम साक्ष्य निम्नलिखित में से किस स्थान में मिले हैं ? **सही** विकल्प का चुनाव करें।

(1) मालाबार हिल्स (2) सुलेमान और किरथर हिल्स

(3) नीलगिरी हिल्स (4) गारो हिल्स

41. Read the **Assertion (A)** and **Reason (R)** carefully :

**Assertion (A) :**

It was during Shah Jahan's reign that the different elements of Mughal architecture were fused together in a grand harmonious synthesis.

**Reason (R) :**

His reign witnessed a huge amount of construction activity especially in Agra and Delhi.

Choose the **correct** option of the following :

(1) Both **(A)** and **(R)** are true but **(R)** does not explain **(A)**

(2) **(A)** is true but **(R)** is false

(3) **(A)** is false but **(R)** is true

(4) Both **(A)** and **(R)** are true and **(R)** explains **(A)**

**अभिकथन (A)** तथा **कारण (R)** को ध्यान से पढ़ें :

**अभिकथन (A) :**

शाहजहाँ के शासनकाल के दौरान मुगल वास्तुकला के विभिन्न तत्व एक भव्य सुसंगत संश्लेषण में लाये गये।

**कारण (R) :**

उनके शासन में अनवरत निर्माण कार्य चलते रहे, विशेष रूप से आगरा और दिल्ली में।

निम्नलिखित में से **सही** विकल्प चुनें :

(1) दोनों **(A)** एवं **(R)** सही हैं किन्तु **(R)**, **(A)** की व्याख्या नहीं करता है।

(2) **(A)** सही है किन्तु **(R)** गलत।

(3) **(A)** गलत है किन्तु **(R)** सही।

(4) दोनों **(A)** एवं **(R)** सही हैं तथा **(R)**, **(A)** की व्याख्या करता है।

42. Read the statements **(A)** and **(B)** carefully :

**(A)** : In 1770, a terrible famine killed ten million people in Bengal.

**(B)** : About one-third of the population was wiped out.

Choose the **correct** option of the following :

(1) Both **(A)** and **(B)** are false  (2) **(A)** is true but **(B)** is false

(3) **(A)** is false but **(B)** is true  (4) Both **(A)** and **(B)** are true

कथनों **(A)** तथा **(B)** को ध्यान से पढ़ें :

**(A)** : 1770 में बंगाल में एक भयानक अकाल ने लगभग एक करोड़ लोगों को मार डाला।

**(B)** : इस अकाल में बंगाल की एक-तिहाई आबादी खत्म हो गई।

निम्नलिखित में से **सही** विकल्प चुनें :

(1) दोनों **(A)** तथा **(B)** गलत हैं।  (2) **(A)** सही है किन्तु **(B)** गलत।

(3) **(A)** गलत है किन्तु **(B)** सही।  (4) दोनों **(A)** तथा **(B)** सही हैं।

43. Read the **assertion (A)** and **reason (R)** carefully :
**Assertion (A) :**
Tribes have rich and unique cultural traditions including their own language and music etc.
**Reason (R) :**
Land, forests, grasslands and water are regarded as the wealth of the entire tribe and everybody shares and uses these together.
Choose the **correct** option of the following :
(1) Both **(A)** and **(R)** are true but **(R)** does not explains **(A)**
(2) **(A)** is true but **(R)** is false
(3) **(A)** is false but **(R)** is true
(4) Both **(A)** and **(R)** are true and **(R)** explains **(A)**
**अभिकथन** (A) तथा **कारण** (R) को ध्यान से पढ़ें :
**अभिकथन** (A) :
जनजातियों की सांस्कृतिक-परम्पराएँ जिसमें उनकी भाषा तथा संगीत भी शामिल है बहुत समृद्ध तथा विशिष्ट होती हैं।
**कारण** (R) :
जमीन, जंगल, घास के मैदान तथा पानी पूरे कुनबे की सम्पत्ति मानी जाती है। जिनका उपयोग सभी एक साथ मिलजुलकर करते हैं।
निम्नलिखित में से **सही** विकल्प चुनें :
(1) दोनों (A) एवं (R) सही हैं किन्तु (R), (A) की व्याख्या नहीं करता।
(2) (A) सही है किन्तु (R) गलत।
(3) (A) गलत है किन्तु (R) सही।
(4) दोनों (A) एवं (R) सही हैं तथा (R), (A) की व्याख्या करता है।

44. 'Periyapuranam', a Tamil work informs us about whom ?
(1) Scholars and poets
(2) Ordinary men and women
(3) Soldiers and military generals
(4) Kings and queens
'पेरियापूरणम', एक तमिल कृति हमें किसके बारे में जानकारी देती है ?
(1) विद्वानों और कवियों के बारे में
(2) साधारण पुरुषों और महिलाओं के बारे में
(3) सिपाहियों और सैन्य-जनरलों के बारे में
(4) राजाओं और रानियों के बारे में

45. Our solar family consists of following celestial bodies :
(1) Satellites, Planets, Pole star
(2) Sun, Planets, Satellites, Asteroids, Meteroites
(3) Planets, Satellites, Asteroids, Saptarishi
(4) Constellations, Planets, Sun
हमारा सौर परिवार निम्नलिखित खगोलीय पिंडों से बना है :
(1) उपग्रह, ग्रह, ध्रुव तारा
(2) सूर्य, ग्रह, उपग्रह, क्षुद्रग्रह, उल्कापिंड
(3) ग्रह, उपग्रह, क्षुद्रग्रह, सप्तऋषि
(4) नक्षत्रमंडल, ग्रह, सूर्य

46. Lines drawn on a globe are known as latitudes and longitudes. What purpose do these lines serve ?

(1) To locate places on earth

(2) To beautify the globe

(3) They are furrows on earth and indicate physical features of the earth

(4) To make designs on globe

एक ग्लोब पर खींची गई रेखाओं को अक्षांश और देशांतर के रूप में जाना जाता है। ये रेखाएँ किस उद्देश्य को पूरा करती हैं ?

(1) पृथ्वी पर स्थानों को ढूँढ़ने के लिये

(2) ग्लोब को सुंदर बनाने के लिये

(3) ये पृथ्वी पर हल-रेखाएँ हैं तथा पृथ्वी की भौतिक विशेषताओं को इंगित करती हैं

(4) ग्लोब पर डिज़ाइन बनाने के लिये

47. The book 'Stripurushtulna' was written by which one of the following reformer ?

(1) Veerasalingam Pantulu

(2) Tarabai Shinde

(3) E.V. Ramaswamy Naicker (Periyar)

(4) Pandita Ramabai

'स्त्रीपुरुषतुलना' नामक पुस्तक की रचना निम्नलिखित में से किस सुधारक द्वारा की गई थी ?

(1) वीरेशलिंगम पंतुलु

(2) ताराबाई शिंदे

(3) ई.वी. रामास्वामी नायकर (पेरियार)

(4) पंडिता रमाबाई

48. What makes an object or substance a resource ?

(1) Utility or usability (2) Extraction

(3) Discovery of object (4) Purification

क्या चीज़ किसी वस्तु अथवा पदार्थ को संसाधन बनाती है ?

(1) उपयोगिता अथवा प्रयोज्यता (2) निष्कर्षण

(3) वस्तु की खोज (4) शुद्धिकरण

49. Reasons and Assertions :

**Assertion (A) :**

Stereotypes prevent people from doing certain things that they are good at.

**Reason (R) :**

Stereotypes stop us from recognizing unique qualities and skills in individuals and fit them into one pattern.

Choose the **correct** option :

(1) Both **(A)** and **(R)** are true and **(R)** is not the correct explanation of **(A)**
(2) **(A)** is true but **(R)** is false
(3) **(A)** is false but **(R)** is true
(4) Both **(A)** and **(R)** are true and **(R)** is the correct explanation of **(A)**

तर्क और अभिकथन :

**अभिकथन (A) :**

रूढ़िबद्ध धारणाएँ लोगों को ऐसे काम करने से रोकती हैं जिनमें वे अच्छे हैं।

**तर्क (R) :**

रूढ़िबद्ध धारणाएँ हमें व्यक्ति में अनोखे गुणों और कौशल को देखने से रोकती हैं तथा उन्हें एक ही प्रकार के खाँचे में जड़ देती हैं।

**सही** विकल्प का चयन कीजिए।

(1) **(A)** और **(R)** दोनों सही हैं तथा **(R)**, **(A)** की सही व्याख्या नहीं है।
(2) **(A)** सही है परन्तु **(R)** गलत है।
(3) **(A)** गलत है परन्तु **(R)** सही है।
(4) **(A)** और **(R)** दोनों सही हैं तथा **(R)**, **(A)** की सही व्याख्या है।

50. The true representative model of our Earth is :

(1) Satellite image (2) Rugby ball (3) Globe (4) Map

हमारी पृथ्वी का वास्तविक निरूपक प्रतिरूप है :

(1) उपग्रह से प्राप्त चित्र (2) रग्बी गेंद (3) ग्लोब (4) मानचित्र

51. The Child Marriage Restraint Act was passed in 1929. According to this Act, what was the respective minimum age approved for marriage, for men and women ?

(1) 18 years and 16 years (2) 21 years and 18 years
(3) 17 years and 15 years (4) 20 years and 18 years

1929 में बाल विवाह निषेध अधिनियम पारित किया गया। इस अधिनियम के अनुसार पुरुष तथा महिला के लिए शादी की न्यूनतम आयु क्रमशः कितनी रखी गई ?

(1) 18 वर्ष तथा 16 वर्ष (2) 21 वर्ष तथा 18 वर्ष
(3) 17 वर्ष तथा 15 वर्ष (4) 20 वर्ष तथा 18 वर्ष

52. The diseases that spread from one person to another through water, food, air etc. are called as :

(1) Communicable diseases (2) Acquired diseases
(3) Congenital diseases (4) Genetic diseases

वे बीमारियाँ जो एक व्यक्ति से दूसरे व्यक्ति को – जल, भोजन, वायु इत्यादि से फैलती है, उसे :

(1) संचारणीय बीमारियाँ कहते हैं। (2) उपार्जित बीमारियाँ कहते हैं।
(3) जन्मजात बीमारियाँ कहते हैं। (4) आनुवंशिक बीमारियाँ कहते हैं।

53. Choose the statements that explain the Ganga-Brahmaputra Basin in Indian subcontinent.
(a) Coniferous forests grow in this region.
(b) The Basin lies in sub-tropical region.
(c) The area is dominated by Monsoon climate.
(d) The basin area has a varied topography.

Choose the **correct** option :

(1) (b), (c), (d) (2) (a), (b), (d) (3) (a), (c), (d) (4) (a), (b), (c)

भारतीय उपमहाद्वीप में गंगा-ब्रह्मपुत्र बेसिन की व्याख्या करने वाले कथन का चयन कीजिए।
(a) इस प्रदेश में शंकुधारी वन उगते हैं।
(b) यह बेसिन उपोष्ण में स्थित है।
(c) इस क्षेत्र की जलवायु मुख्यतः मानसूनी है।
(d) बेसिन क्षेत्र में विभिन्न प्रकार की स्थलाकृति है।

सही विकल्प का चयन कीजिए।

(1) (b), (c), (d) (2) (a), (b), (d) (3) (a), (c), (d) (4) (a), (b), (c)

54. The prairies are known as 'Granaries of the World'. Select the conditions that help in production of surplus wheat in this region.
(a) People do not use technology here.
(b) People are very hardworking here.
(c) Scientific methods of cultivation are used here.
(d) There is a lack of rainfall in this region.

Choose the **correct** option :

(1) (b) and (c) are correct (2) (a) and (d) are correct
(3) (c) and (d) are correct (4) (a) and (b) are correct

प्रेअरी को 'विश्व का धान्यागार' भी कहते हैं। इस प्रदेश में अत्यधिक गेहूँ के उत्पादन में सहायक परिस्थितियों का चुनाव कीजिए।
(a) यहाँ लोग प्रौद्योगिकी का उपयोग नहीं करते हैं।
(b) यहाँ लोग बहुत परिश्रमी होते हैं।
(c) कृषि की वैज्ञानिक विधियों का यहाँ प्रयोग किया जाता है।
(d) इस प्रदेश में वर्षा की कमी है।

सही विकल्प का चयन कीजिए।

(1) (b) और (c) सही हैं (2) (a) और (d) सही हैं
(3) (c) और (d) सही हैं (4) (a) और (b) सही हैं



8012086

55. Which of the following statements help in sustainable development with reference to present day resource availability ?

(a) Reducing consumption of resources

(b) Increasing resource use

(c) Recycling resources

(d) Reusing things

Choose the **correct** options :

(1) (a), (b), (c) (2) (b), (c), (d) (3) (a), (b), (d) (4) (a), (c), (d)

निम्नलिखित में से कौन-सा कथन वर्तमान समय के संसाधन उपलब्धता के संदर्भ के साथ सततपोषणीय विकास में सहायक करता है ?

(a) संसाधनों की खपत को घटाना

(b) संसाधनों के उपयोग में वृद्धि

(c) संसाधनों का पुनः चक्रण

(d) वस्तुओं का पुनः उपयोग

**सही** विकल्प का चयन कीजिए।

(1) (a), (b), (c) (2) (b), (c), (d) (3) (a), (b), (d) (4) (a), (c), (d)

56. Railway network is now extensively being built in mountainous areas. Select the most suitable reason.

(1) Mountains are highly eroded.

(2) Mountain people are making railways.

(3) There are advanced technological developments to enable it.

(4) It is easy to construct railways in mountains.

पहाड़ी क्षेत्रों में अब रेलमार्ग का विस्तृत निर्माण हो रहा है। अति उपयुक्त कारण का चयन कीजिए।

(1) पहाड़ महा-क्षयित हैं।

(2) पहाड़ी लोग रेलमार्गों को बना रहे हैं।

(3) इसे संभव करने के लिए उन्नत प्रौद्योगिकी का विकास हुआ है।

(4) पहाड़ों में रेलमार्गों का निर्माण आसान होता है।


8012054 6

57. Read the **assertion (A)** and **reason (R)** carefully :

Assertion (A) :

The Mahalwari settlement for revenue collection was introduced by Holt Mackenzie.

**Reason (R) :**

The charge of collecting the revenue and paying it to the company was given to the village headman, rather than the Zamindar.

Choose the **correct** option of the following :

(1) Both **(A)** and **(R)** are true but **(R)** does not explain **(A)**

(2) **(A)** is true but **(R)** is false

(3) **(A)** is false but **(R)** is true

(4) Both **(A)** and **(R)** are true and **(R)** explains **(A)**

**अभिकथन (A)** तथा **कारण (R)** को ध्यान से पढ़ें :

**अभिकथन (A) :**

राजस्व वसूली व्यवस्था 'महालवारी बन्दोबस्त' की शुरुआत हॉल्ट मेकंज़ी ने की थी।

**कारण (R) :**

राजस्व वसूली तथा कम्पनी तक इसे पहुँचाने की जिम्मेदारी गाँव के प्रधान को दी गई न कि ज़मींदार को।

निम्नलिखित में से **सही** विकल्प चुनें :

(1) दोनों **(A)** एवं **(R)** सही हैं, किन्तु **(R)**, **(A)** की व्याख्या नहीं करता।

(2) **(A)** सही है किन्तु **(R)** गलत।

(3) **(A)** गलत है किन्तु **(R)** सही।

(4) दोनों **(A)** एवं **(R)** सही हैं तथा **(R)**, **(A)** की व्याख्या करता है।

58. Read the statements **(A)** and **(B)** carefully :

**(A) :** The Veda Samaj was established in Madras in 1864.

**(B) :** It was inspired by the Arya Samaj.

Choose the **correct** option :

(1) Both **(A)** and **(B)** are false

(2) **(A)** is true but **(B)** is false

(3) **(A)** is false but **(B)** is true

(4) Both **(A)** and **(B)** are true

कथनों **(A)** तथा **(B)** को ध्यान से पढ़ें :

**(A) :** 'वेद समाज' की स्थापना 1864 में मद्रास में हुई।

**(B) :** वेद समाज, आर्य समाज से प्रेरित था।

निम्नलिखित में से **सही** विकल्प चुनें :

(1) दोनों **(A)** तथा **(B)** गलत हैं।

(2) **(A)** सही है किन्तु **(B)** गलत।

(3) **(A)** गलत है किन्तु **(B)** सही।

(4) दोनों **(A)** तथा **(B)** सही हैं।

59. Which of the following ideas was questioned by people from the seventh century onwards ?

(1) All human beings are equal at the time of birth.

(2) One could break the cycle of rebirth through personal effort.

(3) Social privileges are a result of one's birth.

(4) Only human beings pass through countless cycles of births.

सातवीं शताब्दी के प्रारंभ से निम्नलिखित में से किस विचार पर लोगों ने सवाल उठाना शुरू कर दिया ?

(1) सभी व्यक्ति जन्म के समय समान होते हैं।

(2) व्यक्तिगत प्रयासों से पुनर्जन्म के चक्र से छुटकारा पाया जा सकता है।

(3) सामाजिक विशेषाधिकार किसी का जन्म का परिणाम है।

(4) केवल मानव जाति जीवन के अनंत चक्रों से गुजरते हैं।

60. Which of following two gases make up the bulk of the Atmosphere ?

(1) Carbondioxide and Oxygen
(2) Nitrogen and Oxygen
(3) Ozone and Helium
(4) Nitrogen and Hydrogen

निम्नलिखित में से वायुमंडल का अधिकांश कौन सी दो गैसें हैं ?

(1) कार्बन डाइऑक्साइड और ऑक्सीजन
(2) नाइट्रोजन और ऑक्सीजन
(3) ओज़ोन और हीलियम
(4) नाइट्रोजन और हाइड्रोजन

61. Which of the following is/are features of a project work ?

(a) They provide opportunity to the students to go beyond the textbook.

(b) A project work should ideally be done at home so that there is more time for teaching in class.

(c) A group project helps develop collaborative skills in students.

Choose the **most appropriate** answer :

(1) (a) and (b) (2) (a) and (c) (3) (b) and (c) (4) Only (a)

निम्नलिखित में से कौन-सा/से परियोजना कार्य की विशिष्टता/विशिष्टताएँ है/हैं ?

(a) यह विद्यार्थियों को पाठ्यपुस्तक से आगे जाने का मौका देती है।

(b) परियोजना कार्य घर पर ही करना चाहिए ताकि कक्षा में शिक्षण के लिए अधिक समय मिल सके।

(c) सामूहिक परियोजना कार्य विद्यार्थियों में सहयोगात्मक कौशल के विकास में मदद करती है।

सही **उपयुक्त** विकल्प चुनें :

(1) (a) और (b) (2) (a) और (c) (3) (b) और (c) (4) केवल (a)

62. What is the advantage of field work as a method of social science ?

(1) Develops skills of presenting, proposing and arguing

(2) Helps to memorize facts

(3) Helps in testing knowledge of the students

(4) Provides students first hand knowledge

सामाजिक विज्ञान की पद्धति के रूप में क्षेत्र कार्य (फील्ड वर्क) के क्या लाभ हैं ?

(1) प्रस्तुत करना, प्रस्ताव करना और तर्क करने के कौशल विकसित करता है।

(2) तथ्यों को याद रखने में मदद करता है।

(3) विद्यार्थियों के ज्ञान परीक्षण में मदद करता है।

(4) छात्रों को प्रत्यक्ष ज्ञान प्रदान करता है।

63. Which of the following is most appropriate for reducing curricular load of Social Science syllabus ?

(a) Minimising the emphasis on memorizing facts and focus on comprehension.

(b) Focusing on conceptual clarity.

(c) Skipping certain topics from the textbook based on exam directives and teacher's lacks of familiarity with the theme.

Choose the **correct** option :

(1) Only (a) and (b) (2) Only (b) and (c)

(3) Only (a) and (c) (4) (a), (b) and (c)

सामाजिक विज्ञान पाठ्यक्रम के भार को कम करने के लिए निम्नलिखित में से क्या सबसे उपयुक्त है ?

(a) तथ्यों के स्मरण पर न्यूनतम बल देना तथा समझने पर केन्द्रित करना

(b) संकल्पनाओं के स्पष्टीकरण को केन्द्रित करना

(c) परीक्षा निर्देशों के आधार पर और शिक्षक के विषयवस्तु से अनभिज्ञता के कारण पाठ्यपुस्तक के कुछ विषयों को छोड़ देना

**सही** विकल्प का चयन कीजिए।

(1) केवल (a) और (b) (2) केवल (b) और (c)

(3) केवल (a) और (c) (4) (a), (b) और (c)

64. Reasons and Assertions :

**Assertion (A) :**

Many cases of farmer's suicides have been reported from villages in India.

**Reason (R) :**

Failure of Monsoons and inability to repay loans leads to distress among farmers.

Choose the **correct** option :

(1) Both **(A)** and **(R)** are true but **(R)** is not the correct explanation of **(A)**

(2) **(A)** is true but **(R)** is false

(3) **(A)** is false but **(R)** is true

(4) Both **(A)** and **(R)** are true and **(R)** is the correct explanation of **(A)**

तर्क और अभिकथन :

**अभिकथन (A) :**

भारत के गाँवों से किसानों के कई आत्महत्या के मामले रिपोर्ट किए गए हैं।

**तर्क (R) :**

मानसून का अभाव और कर्ज (ऋण) चुका पाने की अक्षमता किसानों में दुखों का कारण बनती है।

**सही** विकल्प का चयन कीजिए।

(1) **(A)** और **(R)** दोनों सही हैं परन्तु **(R)**, **(A)** की सही व्याख्या नहीं है।

(2) **(A)** सही है परन्तु **(R)** गलत है।

(3) **(A)** गलत है परन्तु **(R)** सही है।

(4) **(A)** और **(R)** दोनों सही हैं तथा **(R)**, **(A)** की सही व्याख्या है।

65. Which of the following is **not** a characteristic of continuous comprehensive evaluation ?

(1) It focuses on all-round development of the child's personality.

(2) It includes an assessment of scholastic as well as co-scholastic aspects of the students growth.

(3) It focuses on marks based evaluation of student's work.

(4) It makes evaluation an integral part of the teaching-learning process.

निम्नलिखित में से कौन-सा सतत और व्यापक मूल्यांकन की विशेषता **नहीं** है ?

(1) यह विद्यार्थी के व्यक्तित्व के सर्वांगीण विकास पर केंद्रित है।

(2) यह विद्यार्थी के शैक्षिक विकास के साथ सह-शैक्षिक पहलुओं का भी आकलन करता है।

(3) यह विद्यार्थी के अंक आधारित कार्य मूल्यांकन पर केंद्रित है।

(4) यह मूल्यांकन को शिक्षण-अधिगम प्रक्रिया का अभिन्न अंग बनाता है।

66. While evaluating social science the following questions will help to understand its objectives :

(a) What skills are emphasised in the syllabus ?

(b) Is it derived from a standard text or combination of texts ?

(c) How detailed is the outline of syllabus ?

(d) What level of competence is demanded of learner on each social science skill ?

Choose the **correct** option :

(1) (a) and (d) (2) (a), (b) and (c) (3) (a), (b) and (d) (4) (a) and (b)

सामाजिक विज्ञान के मूल्यांकन के दौरान निम्नलिखित प्रश्न इसका उद्देश्य समझने में मदद करेंगे :

(a) पाठ्यक्रम में किन कौशलों पर बल दिया गया है ?

(b) क्या यह किसी एक मानक पाठ्यपुस्तक से लिया गया है या कई पाठ्यपुस्तकों से ?

(c) पाठ्यक्रम की रूपरेखा कितनी विस्तृत है ?

(d) अधिगमकर्ता से सामाजिक विज्ञान के प्रत्येक कौशल में किस स्तर की सक्षमता अपेक्षित है ?

**सही** विकल्प का चयन कीजिए।

(1) (a) और (d) (2) (a), (b) और (c) (3) (a), (b) और (d) (4) (a) और (b)

67. Why do elections take place after a fixed time interval in democracy ?

(a) To ensure accountability of the government

(b) To ensure equal political participation by the parties

(c) To encourage political debate and public dialogue

(d) It is a customary practice

Choose the **correct** options :

(1) (b), (c) and (d) (2) (a), (b) and (d)

(3) (a), (b), (c) and (d) (4) (a), (b) and (c)

लोकतंत्र में एक निश्चित समय अंतराल के पश्चात ही चुनाव क्यों होते हैं ?

(a) सरकार का उत्तरदायित्व सुनिश्चित करने के लिए

(b) दलों की समान राजनीतिक भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए

(c) राजनीतिक वाद-विवाद तथा जन संवाद को प्रोत्साहित करने के लिए

(d) यह एक प्रथागत प्रक्रिया है

**सही** उत्तर का चयन कीजिए :

(1) (b), (c) और (d) (2) (a), (b) और (d)

(3) (a), (b), (c) और (d) (4) (a), (b) और (c)

68. **Assertion (A) :**

Teaching of social studies is important at the elementary stage.

**Reason (R) :**

It sensitises the child to social issues and develops in him/her a respect for difference and diversity.

Choose the **correct** option from the following :

(1) Both **(A)** and **(R)** are true but **(R)** does **not** explain **(A)**

(2) **(A)** is true but **(R)** is false

(3) **(A)** is false but **(R)** is true

(4) Both **(A)** and **(R)** are true and **(R)** explains **(A)**

**अभिकथन (A) :**

प्रारंभिक स्तर पर सामाजिक विज्ञान का शिक्षण महत्त्वपूर्ण है।

**तर्क (R) :**

यह बच्चे को सामाजिक मामलों के प्रति संवेदनशील बनाता है तथा उसमें भिन्नता एवं विविधता के लिए सम्मान विकसित करता है।

निम्नलिखित में से **सही** विकल्प का चयन कीजिए :

(1) **(A)** और **(R)** दोनों सही हैं परन्तु **(R)**, **(A)** की व्याख्या नहीं करता है।

(2) **(A)** सही है परन्तु **(R)** गलत है।

(3) **(A)** गलत है परन्तु **(R)** सही है।

(4) **(A)** और **(R)** दोनों सही हैं तथा **(R)**, **(A)** की व्याख्या करता है।

69. Which of the following is true about sources ?

(a) They are more concrete in nature

(b) They are all historical in nature

(c) They are objective

(d) They include accounts of eye witness and personal letters

Choose the **correct** option :

(1) (a) and (b) (2) (a), (b) and (c) (3) (a), (c) and (d) (4) (a) and (d)

निम्न में से कौन सा स्रोतों के बारे में सही हैं ?

(a) वे अधिक ठोस प्रकृति के होते हैं

(b) वे सभी ऐतिहासिक प्रकृति के होते हैं

(c) वे वस्तुनिष्ठ होते हैं

(d) इसमें प्रत्यक्षदर्शियों के ब्यौरे और व्यक्तिगत पत्र भी शामिल हैं

सही विकल्प का चयन कीजिए।

(1) (a) और (b) (2) (a), (b) और (c) (3) (a), (c) और (d) (4) (a) और (d)

70. Two Fundamental Rights which the marginalized groups can invoke, to insist that they be treated with dignity and as equals, are :

(a) Right to Equality

(b) Cultural and Educational Rights

(c) Right against Exploitation

(d) Right to Liberty

Choose the **correct** answers :

(1) (b) and (c) (2) (c) and (d) (3) (a) and (d) (4) (a) and (b)

दो मौलिक अधिकार जिनकी माँग पर हाशियाकृत समूह बल दे सकते हैं, ताकि उनके साथ भी गरिमामय और समानता का व्यवहार किया जाए, वे हैं :

(a) समानता का अधिकार

(b) सांस्कृतिक और शैक्षणिक अधिकार

(c) शोषण के विरुद्ध अधिकार

(d) स्वतंत्रता का अधिकार

सही उत्तर का चयन कीजिए।

(1) (b) और (c) (2) (c) और (d) (3) (a) और (d) (4) (a) और (b)

71. Identify the immediate measures which ensure women's safety and enable them to take up jobs, support family income and in becoming self-reliant.

(a) Provision of child-care centres

(b) Reservation of seats for women in parliament

(c) Provision of occupational safety

(d) Pick and drop facility for night shifts

Choose the **correct** option :

(1) (a), (c) and (d) (2) (a), (b) and (d)

(3) (a), (b), (c) and (d) (4) (a), (b) and (c)

उन तत्कालिक उपायों की पहचान कीजिए जो महिलाओं की सुरक्षा तथा उन्हें नौकरी करने, पारिवारिक आय में योगदान करने एवं आत्मनिर्भर बनाने में सुनिश्चित करता है।

(a) बालवाड़ियों का प्रावधान

(b) संसद में महिलाओं के लिए सीटों का आरक्षण

(c) व्यवसायिक सुरक्षा का प्रावधान

(d) रात की पाली (शिफ्ट) के लिए लाने-ले जाने की सुविधा

सही विकल्प का चयन कीजिए।

(1) (a), (c) और (d) (2) (a), (b) और (d)

(3) (a), (b), (c) और (d) (4) (a), (b) और (c)

72. Consider the following **Assertion (A)** and **Reason (R)** and choose the **correct** option :

**Assertion (A) :**

The disciplines that make up the social science are history, geography, political science and economics.

**Reason (R) :**

There is interrelationship between the disciplines.

(1) Both **(A)** and **(R)** are true but **(R)** does not explains **(A)**

(2) **(A)** is true but **(R)** is false

(3) **(A)** is false but **(R)** is true

(4) Both **(A)** and **(R)** are true and **(R)** explains **(A)**

निम्न **अभिकथन (A)** तथा **कारण (R)** पर विचार करें तथा **सही** विकल्प का चयन कीजिए :

**अभिकथन (A) :**

विद्या विशेष जो सामाजिक विज्ञान को बनाती हैं वे हैं इतिहास, भूगोल, राजनीतिक विज्ञान तथा अर्थशास्त्र।

**कारण (R) :**

इन विद्या विशेषों में अंत:संबंध हैं।

(1) **(A)** और **(R)** दोनों सही हैं तथा **(R)**, **(A)** की व्याख्या नहीं करता है।

(2) **(A)** सही है परन्तु **(R)** गलत है।

(3) **(A)** गलत है परन्तु **(R)** सही है।

(4) **(A)** और **(R)** दोनों सही हैं तथा **(R)**, **(A)** की व्याख्या करता है।

73. Fill in the blank with **correct** option.

An alert and vigilant public is necessary for developing a strong ________.

(1) Democracy (2) Oligarchy

(3) Autocracy (4) Monarchy

रिक्त स्थान को **सही** विकल्प से भरें।

एक दृढ़ ________ का विकास करने के लिए सतर्क और सजग जनता आवश्यक है।

(1) लोकतंत्र (2) गुटतंत्र

(3) एकतंत्र (4) राजतंत्र

74. The distinctiveness of Adivasi societies is attributed to :

(a) prevalence of caste system

(b) practice of a range of tribal religions distinct from other prevalent religions

(c) distinct language use

(d) presence of little hierarchy

Choose the **correct** option :

(1) (b), (c) and (d) (2) (a), (b) and (d)

(3) (a), (b), (c) and (d) (4) (a), (b) and (c)

आदिवासी समाज की विशिष्टता का श्रेय जाता है :

(a) जाति व्यवस्था के प्रचलन को

(b) दूसरे प्रचलित धर्मों से भिन्न, अनेक प्रकार के जनजातीय धर्मों के पालन को

(c) विशिष्ट भाषा के प्रयोग को

(d) ऊँच-नीच की कम उपस्थिति को

**सही** उत्तर का चयन कीजिए।

(1) (b), (c) और (d) (2) (a), (b) और (d)

(3) (a), (b), (c) और (d) (4) (a), (b) और (c)

75. The Indian judiciary upholds the rule of law, without any fear or external influence, and maintains effective control over the actions of the government because of :

(1) Independence of judiciary in India

(2) Judicial activism

(3) Democratic values enshrined in Indian Constitution

(4) Supremacy of judiciary in India

भारतीय न्यायपालिका बिना किसी भय अथवा बाहरी दबाव के कानून का शासन की रक्षा करती है तथा सरकार के कार्यों पर प्रभावी नियंत्रण बनाए रखती है जिसकी वजह है :

(1) भारत में न्यायपालिका की स्वतंत्रता

(2) न्यायिक सक्रियवाद

(3) भारतीय संविधान में प्रतिष्ठापित लोकतांत्रिक मूल्य

(4) भारत में न्यायपालिका की सर्वोच्चता

76. It is possible that there might be students belonging to marginalised sections in your class. So, when you are talking about the notion of marginalisation, which of the following things should you keep in mind before introducing the topic ?

(a) Taking names of particular communities might cause discomfort to those belonging to those communities.

(b) Such issues need to be handled with sensitivity.

(c) Some students might feel shame in talking about their experiences of discrimination.

(d) Students should be forced to share their experiences.

Choose the **most appropriate** option :

(1) (a) and (c) (2) (a), (b) and (c) (3) (a), (b) and (d) (4) (a) and (b)

ऐसा संभव है कि आपकी कक्षा में हाशियाई समुदाय के छात्र भी हों, इसलिए जब आप हाशियेकरण पर कक्षा में बात कर रहें हों तो विषय प्रस्तुत करते हुए आपको निम्नलिखित में से किन बातों का ध्यान रखना चाहिए ?

(a) खास समुदायों का नाम लेने पर उन समुदायों से आए लोग असहज महसूस कर सकते हैं।

(b) इस तरह के मुद्दों को संवेदनशीलता से संभालना चाहिए।

(c) कुछ छात्र अपने साथ हुए भेदभाव को साझा करने में शर्मिंदा महसूस कर सकते हैं।

(d) विद्यार्थियों से जबरन अपने अनुभव साझा कराना चाहिए।

सबसे **उपयुक्त** विकल्प चुनें :

(1) (a) तथा (c) (2) (a), (b) तथा (c) (3) (a), (b) तथा (d) (4) (a) तथा (b)

77. Consider the following assessment questions **(A)** and **(B)** related to the working of the state government.

**(A) :** What is the purpose of a press conference ? How is it different from a Legislative Assembly debate ?

**(B) :** What is the term used to refer to elected representatives who are not members of the ruling party and who play the role of questioning govt. decisions ?

Choose the **correct** option :

(1) **(A)** tests factual knowledge whereas **(B)** tests conceptual knowledge.

(2) Both **(A)** and **(B)** test conceptual knowledge.

(3) Both **(A)** and **(B)** test factual knowledge.

(4) **(A)** tests conceptual knowledge whereas **(B)** tests factual knowledge.

राज्य शासन की कार्यप्रणाली से संबंधित निम्नलिखित आकलन प्रश्नों **(A)** तथा **(B)** पर विचार करें।

**(A) :** प्रेसवार्ता का क्या उद्देश्य होता है ? यह विधानसभा में होने वाली बहस से किस तरह अलग है ?

**(B) :** उन निर्वाचित प्रतिनिधियों के लिए किस शब्द का प्रयोग होता है जो सत्ता दल के सदस्य नहीं होते तथा सरकार के फैसलों पर सवाल उठाते हैं ?

**सही** विकल्प का चयन कीजिए।

(1) **(A)** तथ्यात्मक ज्ञान की जाँच करता है जबकि **(B)** संकल्पनात्मक ज्ञान की।

(2) दोनों **(A)** तथा **(B)** संकल्पनात्मक ज्ञान की जाँच करते है।

(3) दोनों **(A)** तथा **(B)** तथ्यात्मक ज्ञान की जाँच करते हैं।

(4) **(A)** संकल्पनात्मक ज्ञान की जाँच करता है जबकि **(B)** तथ्यात्मक ज्ञान की।

78. At which stage of school education as per NCF 2005, are social science topics independently introduced to students in textbooks ?

Choose the **correct** option of the following.

(1) Upper Primary Stage (2) Secondary Stage

(3) Higher Secondary Stage (4) Primary Stage

एन.सी.एफ. 2005 के अनुसार, स्कूली शिक्षा के किस स्तर पर सामाजिक विज्ञान के विषयों को स्वतंत्र रूप से पाठ्यपुस्तकों में विद्यार्थियों से परिचय कराया जाता है ?

निम्नलिखित में से **सही** विकल्प का चयन कीजिए :

(1) उच्च प्राथमिक स्तर (2) माध्यमिक स्तर

(3) उच्च माध्यमिक स्तर (4) प्राथमिक स्तर

79. Which of the following classroom activities will help students critically look at the role of media in society ?

(a) Asking students to have a classroom discussion on the topic 'can the govt. prevent certain news from being aired on T.V ? Why might it do so ?'

(b) Asking students to bring clippings from different newspapers on the same issue and make comparisons regarding how they have reported it.

(c) Asking students to collect news items they have received in whatsapp groups or through social media platforms and using them as pedagogic resources.

Choose the **correct** option :

(1) (a) and (c) (2) (b) and (c) (3) (a), (b) and (c) (4) (a) and (b)

निम्नलिखित में से कौन-सी कक्षा गतिविधि विद्यार्थियों में समाज में मीडिया को भूमिका को आलोचनात्मक दृष्टि से देखने में मदद करेगी ?

(a) 'क्या सरकार किसी खबर को टीवी पर चलाने से रोक सकती है ? वह ऐसा क्यों करेगी ?' विषय पर छात्रों द्वारा कक्षा में परिचर्चा करवाना।

(b) किसी एक मुद्दे पर छात्रों को अलग-अलग अखबारों के कतरनों को इकट्ठा कराना और उनके विवरण को तुलना करने को कहना।

(c) छात्रों से व्हाट्सएप और अन्य सोशल मीडिया पर आई खबरों को एकत्र करवाना तथा उसका शैक्षणिक संसाधन के रूप में इस्तेमाल करना।

**सही** विकल्प का चयन कीजिए।

(1) (a) और (c) (2) (b) और (c) (3) (a), (b) और (c) (4) (a) और (b)

80. Which of the following statements are true about inquiry approach ?

(a) It encourages problem solving skills.

(b) It helps find ways to gather and evaluate evidence.

(c) Teacher decides the pace of learning.

(d) It is a quick way of learning.

Choose the **most appropriate** option :

(1) (b), (c) and (d) (2) (a), (c) and (d) (3) (a) and (b) (4) (a) and (c)

निम्नलिखित में से कौन-से कथन परिप्रश्न उपागम के संबंध में सही है ?

(a) यह समस्याओं को सुलझाने की क्षमताओं को प्रोत्साहित करता है।

(b) यह साक्ष्य एकत्रित व मूल्यांकन करने के तरीकों का पता लगाने में मदद करता है।

(c) शिक्षिका अधिगम की गति को तय करती है।

(d) यह एक जल्दी से सीखने का तरीका है।

**सबसे उचित** विकल्प का चयन कीजिए।

(1) (b), (c) और (d) (2) (a), (c) और (d) (3) (a) और (b) (4) (a) और (c)

81. Following are some questions/comments that you have received from your students in a class. Which question reflects the student's ability to critically look at the issue of poverty and inequality ?

(1) Why can't poor people work harder to improve their lives ?

(2) When will India become developed and get rid of poverty ?

(3) Why does government give free goods to the poor ? Won't it make them lazy ?

(4) Why is it that luxury cars and beggars can both be seen at traffic signals ?

निम्नलिखित प्रश्न/टिप्पणियाँ आपने अपनी एक कक्षा के विद्यार्थियों से प्राप्त की हैं। इनमें से कौन-सा प्रश्न विद्यार्थी के गरीबी व असमानता के मुद्दे पर आलोचनात्मक दृष्टि को प्रतिबिंबित करता है ?

(1) गरीब लोग अपनी जीवन स्थिति सुधारने के लिए और अधिक मेहनत क्यों नहीं करते ?

(2) भारत कब विकसित होगा और गरीबी से मुक्त होगा ?

(3) सरकार गरीबों को मुफ्त सामान क्यों देती है ? क्या यह उन्हें आलसी नहीं बना देगा ?

(4) ऐसा क्यों है कि विलास कारें और भिखारी दोनों को हम ट्रैफिक सिग्नल पर देख पाते हैं ?

82. In Indian secularism, the state maintains a "Principled distance" with respect to religion. This means that :

(a) State could interfere in religious matters on the basis of ideals laid out in the Constitution.

(b) State and religion can interfere in each other's matters.

(c) State and religion cannot transgress each other's boundaries.

(d) State can regulate religious affairs when need arises.

Choose the **correct** option :

(1) (b) and (d) (2) (a) and (d) (3) (c) and (d) (4) (a) and (b)

भारतीय धर्मनिरपेक्षता में, राज्य, धर्म के संदर्भ में एक "सैद्धांतिक दूरी" बनाए रखता है। इसका अर्थ है :

(a) संविधान में दिए गए आदर्शों के आधार पर राज्य धार्मिक मामलों में हस्तक्षेप कर सकता है।

(b) राज्य और धर्म एक दूसरे के मामलों में हस्तक्षेप कर सकते हैं।

(c) राज्य और धर्म एक दूसरे की सीमाओं का उल्लंघन नहीं कर सकते हैं।

(d) आवश्यकता पड़ने पर राज्य धार्मिक मामलों को नियंत्रित कर सकता है।

**सही** विकल्प का चयन कीजिए :

(1) (b) और (d) (2) (a) और (d) (3) (c) और (d) (4) (a) और (b)

83. Many workshops and factories located in industrial areas employ casual workers because :

(a) They can hire and fire them according to their convenience.

(b) They save on salaries and other job benefits which are paid to the permanent workers.

(c) Casual workers work long hours without demanding overtime wages.

(d) Casual workers are more hard working as compared to permanent ones.

Choose the **correct** option :

(1) (b), (c) and (d) (2) (a), (b) and (d)

(3) (a), (b), (c) and (d) (4) (a), (b) and (c)

औद्योगिक क्षेत्रों में स्थित कई कारख़ाने तथा फैक्टरियाँ में अस्थायी श्रमिकों को रखा जाता है, क्योंकि :

(a) वे उन्हें अपनी सुविधानुसार रख और निकाल सकते हैं।

(b) वे स्थायी कर्मियों को मिलने वाले वेतन तथा अन्य नौकरी संबंधी हित लाभों पर बचत करते हैं।

(c) अस्थायी कर्मी बिना समयोपरि भत्तों की माँग किए लंबे समय तक काम करते हैं।

(d) स्थायी कर्मियों की तुलना में अस्थायी कर्मी अधिक परिश्रमी होते हैं।

**सही** विकल्प का चयन कीजिए।

(1) (b), (c) और (d) (2) (a), (b) और (d)

(3) (a), (b), (c) और (d) (4) (a), (b) और (c)

84. For teaching which of the following topics, a tree chart would be best suited ?

(1) To illustrate the hierarchy of historical events in a particular era, such as wars, revolutions or social movements

(2) To teach modern history

(3) Distribution of demographic variables such as age, gender, race etc

(4) To give summary of reign of a ruler

निम्नलिखित में से किस विषय के शिक्षण के लिए ट्री-चार्ट अति उपयुक्त रहेगा ?

(1) एक विशेष काल में ऐतिहासिक घटनाओं, जैसे युद्धों, क्रांतियाँ अथवा सामाजिक आंदोलनों के पदानुक्रम को सचित्र दिखाने के लिए

(2) आधुनिक इतिहास पढ़ाने के लिए

(3) आयु, जैंडर, नस्ल इत्यादि जैसे जनसांख्यिकी चरों के वितरण के लिए

(4) शासक के शासनकाल का सार देने के लिए

85. The statement, 'The Indian Constitution provides safeguards to religious and linguistic minorities as part of Fundamental Rights' infers that :

(a) it protects minorities against possible cultural domination by the majority.

(b) it protects minorities from any discrimination by the majority.

(c) it safeguards minority interests.

(d) it guarantees economic opportunities to minorities.

Choose the **correct** option :

(1) (b), (c) and (d)

(2) (a), (b) and (d)

(3) (a), (b), (c) and (d)

(4) (a), (b) and (c)

कथन, 'भारतीय संविधान धार्मिक और भाषायी अल्पसंख्यकों की सुरक्षा का प्रावधान मौलिक अधिकारों से करता है', यह अनुमान लगाता है कि :

(a) यह बहुसंख्यकों द्वारा संभाव्य सांस्कृतिक प्रभुत्व के समक्ष अल्पसंख्यकों की सुरक्षा करता है।

(b) यह बहुसंख्यकों द्वारा किसी तरह के भेदभाव से अल्पसंख्यकों की सुरक्षा करता है।

(c) यह अल्पसंख्यकों के हितों की सुरक्षा करता है।

(d) यह अल्पसंख्यकों को आर्थिक अवसरों की गारंटी प्रदान करता है।

**सही** विकल्प का चयन कीजिए।

(1) (b), (c) और (d)

(2) (a), (b) और (d)

(3) (a), (b), (c) और (d)

(4) (a), (b) और (c)

86. Assertion and Reason :

**Assertion (A) :**

Open-book exams shift the focus away from rote learning to a more involved engagement with the textbook.

**Reason (R) :**

Open-book exams reduce the burden of students as they don't need to prepare for the exam beforehand.

Choose the **correct** option :

(1) Both **(A)** and **(R)** are true and **(R)** is not the correct explanation of **(A)**

(2) Only **(A)** is true

(3) Only **(R)** is true

(4) Both **(A)** and **(R)** are true and **(R)** is the correct explanation of **(A)**

अभिकथन और कारण :

**अभिकथन (A) :**

खुली पुस्तक परीक्षा रटकर सीखने से हटकर किताबों के साथ संबंध स्थापित करने पर केन्द्रित होती है।

**कारण (R) :**

खुली पुस्तक परीक्षा विद्यार्थियों का भार कम करती है क्योंकि इससे उन्हें परीक्षा की तैयारी पहले से नहीं करनी पड़ती।

**सही** विकल्प का चयन कीजिए।

(1) दोनों **(A)** व **(R)** सही हैं तथा **(R)**, **(A)** की सही व्याख्या नहीं करता।

(2) केवल **(A)** सही है।

(3) केवल **(R)** सही है।

(4) दोनों **(A)** व **(R)** सही हैं तथा **(R)** सही व्याख्या करता है **(A)** की।

87. Which of the following statements is irrelevant representation of diagnostic evaluation ?

(1) They are conducted during the instructional process.

(2) They help to identify learning difficulties.

(3) They are usually followed by remedial classes.

(4) They are used for comparing the learning achievements of all the students in class.

निम्नलिखित में से कौन-सा कथन नैदानिक मूल्यांकन का असंगत चित्रण है ?

(1) इसका संचालन शिक्षण प्रक्रिया के दौरान किया जाता है।

(2) यह सीखने में आने वाली परेशानियों की पहचान में मदद करता है।

(3) यह प्राय: उपचारी कक्षाओं के बाद किया जाता है।

(4) इसका उपयोग कक्षा के सभी विद्यार्थियों द्वारा सीखी उपलब्धियों की तुलना करने में किया जाता है।

88. Which is the best method to teach the concept of 'Insolation' ?

(1) Brain-storming (2) Demonstration (3) Survey (4) Case study

'आतपन' की अवधारणा पढ़ाने का सबसे अच्छा तरीका कौन सा है ?

(1) विचार-मंथन (2) प्रदर्शन (3) सर्वेक्षण (4) केस स्टडी

89. Which of the following resources/strategies can make a social science classroom inclusive ?

(1) Teaching only dominant views of society.

(2) Avoiding examples from immediate environment.

(3) Encouraging only answers from textbooks.

(4) Display of stories and photos of people from various communities and regions.

निम्नलिखित में से कौन-सा संसाधन/रणनीति एक सामाजिक विज्ञान की कक्षा को समावेशी बना सकती है ?

(1) केवल समाज के प्रभुत्व विचारों को सिखाना।

(2) आसपास के उदाहरणों से बचना।

(3) केवल पाठ्यपुस्तकों से उत्तर देने के लिये प्रोत्साहन करना।

(4) विभिन्न समुदाय और क्षेत्रों के लोगों की कहानियाँ और तस्वीरों का प्रदर्शन करना।

90. Identify a skill-based objective of teaching social sciences from the following options.

(1) To develop an ability to draw a map

(2) To develop a respect for difference and diversity

(3) To acquire knowledge of continents

(4) To understand the cultures of people living in different societies

निम्न में से, सामाजिक विज्ञान पढ़ाने के कौशल आधारित उद्देश्य की पहचान करें।

(1) नक्शा बनाने की क्षमता विकसित करना

(2) अंतर और विविधता के लिए आदर विकसित करना

(3) महाद्वीपों का ज्ञान प्राप्त करना

(4) विभिन्न समाजों में रहने वाले लोगों की संस्कृतियों को समझना

# PART - IV
## LANGUAGE - I : ENGLISH

**IMPORTANT :** Candidates should attempt questions from **Part-IV (Q. No. 91-120)**, if they have opted for **ENGLISH** as **LANGUAGE-I** only.

**Read the given passage and answer the questions that follow. (91-99)**

1. We were walking across the garden when my daughter spotted a cluster of familiar red flowers. She pulled me to one side and then, looking excitedly at me as though she had a secret to share, she pulled me down to her height and whispered in my ears. I shot up straight almost as soon as she had finished her sentence. With my mouth ajar, I was about to tell her that it was probably not a good idea to do so when I was transported to the time when I was around her age.

2. It had been a rather long day from school and I was dead tired. I was walking along the pathway that was lined with many ixora plants when my friend grabbed me by the arm. Before I could do anything, he gleefully plucked a single flower from the cluster and showed it to me. Unimpressed, I was not about to be swayed by a puny flower and was about to admonish him when he turned the flower upside down to show me a tiny almost invisible thread-like thing that protruded out from its stalk.

3. He pulled the faint yellowish thread and right at the end of it, a tiny drop of nectar appeared. At least, that was what I think it was, as it was really quite sweet. That day we raided the ixora plants. We really had a lot of fun. I could still taste the sweetness till today. My daughter's urgent tug brought me back to reality. I turned to my daughter and decided that she too needed to know the joy of tasting sweet nectar from beautiful blooms.

**91.** 'to be transported in time' means ________.

(1) to take future decisions (2) travel backwards

(3) to indulge in time travel (4) recollect memories of the past

**92.** Identify the parts of speech of the underlined words.

I was transported to the <u>time</u> when I was <u>around</u> her age.

(1) noun, adverb (2) noun, verb

(3) adjective, preposition (4) noun, preposition

**93.** 'I was about to <u>admonish</u> him ....'.

The underlined word can be replaced by the word -

(1) cajole (2) appreciate (3) reprimand (4) refuse

**94.** From the given anecdote, one can assume that the 2 characters shared the relationship of :

(1) grandmother and grand-child (2) best friends

(3) mother and daughter (4) school-mates

95. Read the following sentences :
(a) The writer is traumatised by the memories of her childhood.
(b) The daughter's secret brings back nostalgic memories of the school days.
(c) The writer wants her child to be connected to the sweet pleasures of nature.
(1) (b) and (c) are correct, (a) is incorrect
(2) (a) and (c) are correct, (b) is incorrect
(3) (b) and (c) are incorrect, (a) is correct
(4) (a) and (b) are correct, (c) is incorrect

96. In para 1, according to the mother it was not a good idea to :
(1) walk along the pathway alone
(2) taste sweet nectar from flowers
(3) raid the ixora plants
(4) walk in the garden the whole day long

97. Read the following sentences :
**Assertion (A) :**
The child was excited to share a secret with her mother.
**Reason (R) :**
The mother was in disbelief and went down memory lane.
(1) Both **(A)** and **(R)** are true and **(R)** is the correct explanation of **(A)**
(2) **(A)** is correct, but **(R)** is incorrect
(3) Both **(A)** and **(R)** are correct
(4) Both **(A)** and **(R)** are true, but **(R)** is not the correct explanation of **(A)**

98. Complete the word analogy :
cluster : bunch : : puny : ?
(1) long-stalked (2) delicate (3) colourful (4) prickly

99. 'To be dead tired' does **not** mean -
(1) to feel refreshed
(2) to feel too tired to walk
(3) to be exhausted
(4) to be completely exhausted

**Read the given extract and answer the questions that follow. (100-105)**

My tea is nearly ready and the sun has left the sky;
Its time to take the window to see Leerie going by;
For every night at tea time and before you take your seat,
With lantern and with ladder he comes posting up the street.

Now Tom would be a driver and Maria may go to the sea;
And my papa's a banker and as rich as he can be;
But I, when I'm stronger and choose what I'm to do,
O Leerie, I'll go around at night and light the lamps with you

For we are very lucky, with a lamp before the door;
And Leerie stops to light it as he lights so many more;
And O ! Before you hurry by with ladder and with light,
O Leerie, see a little child and nod to him tonight !

100. Identify the rhyme scheme in lines 5 - 8.
(1) aaba (2) abba (3) bbabb (4) abab

101. The phrase, 'the sun has left the sky' indicates that -
(1) it is evening time (2) it is morning (3) it is forenoon (4) it is afternoon

102. Why does the poet consider himself to be fortunate ?
(1) He is strong and doesn't have to make a choice in life.
(2) He has a rich banker father.
(3) He doesn't have to light other peoples' doors.
(4) He has light at night by his door.

103. Read the following sentences :
(a) The poet occasionally has a light outside his door.
(b) The poet wants to be a banker like his father when he grows up.
(c) The poet is fascinated by the lamp lighter's profession.
(1) (a) and (b) are correct, (c) is incorrect
(2) (a) and (c) are correct, (b) is incorrect
(3) (b) and (c) are correct, (a) is incorrect
(4) (a) and (b) are incorrect, (c) is correct

104. The poet looks at the lamp-lighter's profession with -
(1) confusion (2) wonder (3) jealousy (4) curiosity

105. With reference to the poem, complete the word analogy :
Leerie : lamplighter : : father : ?
(1) banker (2) rich businessman
(3) driver (4) sailor

106. A teacher at the secondary stage gives a text/short story and asks them to read and discuss the meaning and ideas of the text from the point of view of power and justice. What does the teacher attempt to develop in the learners ?
(1) Higher order language skills (2) Critical literacy skills
(3) Critical pedagogy (4) Critical language development

107. What is 'interlingual identification' ?
(1) Learner's understanding that learning of different languages warrants different abilities.
(2) Learner's judgment that something in the native language and something in the target language are similar.
(3) Learner's judgment that something in the native language and something in the target language are dissimilar.
(4) Learner's judgment that the knowledge of the native language interferes in the learning of second language.

108. A language teacher tells a story in English and asks learners to work in group to tell the story in the languages known to them and then in the common language of the classroom. What is this pedagogical strategy known as ?

(1) Language acquisition (2) Translanguaging
(3) Multilingual policy (4) Multilanguage teaching

109. A teacher of Class VII conducts a pair work activity in which the pairs are given a story of ten sentences. One in the pair reads out the first sentences and the other in the pair writes that sentence. Then other in the pair read out second sentence and the first in the pair writes the second sentence. Likewise the pairs complete the whole story. Later they compare their writing with the original text given to them. What is this activity known as ?

(1) Mutual Dictation (2) Mutual Writing
(3) Mutual Listening (4) Sentence Dictation

110. A learner reads through the news item in the newspaper to know specific information. This reading is known as __________.

(1) Study skill (2) Critical reading (3) Skimming (4) Scanning

111. Procedural knowledge in the teaching-learning grammar is _________.

(1) knowing the language and its culture.
(2) knowing how to do the grammatical item.
(3) knowledge about the grammatical item.
(4) knowing the rules of the grammatical item.

112. Shreya is a Class VI learner who moves from the Jalander in Punjab to Madurai in Tamil Nadu as her father has been transferred. She knows Punjabi as her mother tongue and English language she studies as her second language in school. She is able to speak and read Tamil learning from her neighbourhood. Which one of the following statements is true based on the languages she now knows ?

(1) Her English comes under language acquisition and Punjabi and Tamil come under language learning.
(2) Her Punjabi and Tamil come under language acquisition and English comes under language learning.
(3) Her Tamil comes under language acquisition and English and Punjabi come under language learning.
(4) All the three languages, Punjabi, Tamil and English under language learning.

113. Malayalam spoken by a particular community in Kozhikodi is slightly different from the Malayalam spoken by others in the same place. What is the Malayalam spoken by the particular community known as ?

(1) They are two different languages (2) Two varieties of Malayalam
(3) Regional dialect of Malayalam (4) Social dialect of Malayalam

114. Which one of the following is true of the three language formula ?

(1) Mother tongue/home language/English as the first language.

(2) Mother tongue/home language/regional language as the first language.

(3) English/Hindi/home language/local language as the first language.

(4) Mother tongue/home language/Hindi as the first language.

115. Following learning task was given to learners in different groups. Find out what is this vocabulary learning activity known as.

Find words and phrases which relate to the following words.

Family    Relationship    Feeling

(1) Word Web
(2) Thematic Vocabulary
(3) Word clusters
(4) Cluster Vocabulary

116. A method of teaching in which a teacher and four students form a collaborative learning group with different roles. Dialogues occur on the content of the text passage, which creates a zone of proximal development in which reading comprehension improves. This method is referred to as :

(1) Model Reading
(2) Grammar Translation Method
(3) Reciprocal Teaching
(4) Structural Approach

117. The language we use for day-to-day, face-to-face interaction is known as :

(1) Interpersonal language proficiency

(2) Cognitive Academic Language Proficiency (CALP)

(3) Basic Interpersonal Communication Skills (BICS)

(4) Communicative language skills

118. Remedial teaching is for :

(1) learners and teachers to enhance the scores in the examination in language paper.

(2) learners who need attention on certain aspects of language learning.

(3) teachers who need to modify their teaching for certain student to learn the language.

(4) learners and teachers to understand and modify/improve their teaching/learning strategies.

119. Which of the following is NOT true of Sign Language ?

(1) Sign language has a grammar.

(2) Sign language has many varieties.

(3) Sign language is a natural language.

(4) Sign language does not have a grammar.

120. Which of the following is NOT the purpose of extensive reading ?

(1) Reading for pleasure
(2) Reading for appreciation
(3) Reading for extrapolation
(4) Reading for learning grammar

# भाग - IV

## भाषा - I : हिन्दी

**महत्वपूर्ण :** परीक्षार्थी **भाग-IV ( प्र.सं. 91 से 120 )** के प्रश्नों के उत्तर केवल तभी दें यदि उन्होंने **भाषा-I** का विकल्प **हिन्दी** चुना हो।

**निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के सही/सर्वाधिक उपयुक्त विकल्प का चयन कीजिए। (91-99)**

इच्छा से प्रेरित होकर लोग उन्नति के मार्ग पर चलने लगते हैं। अपनी यात्रा के आरंभ में वे अपनी प्रगति में बाधा डालने वाली सैकड़ों व्यक्तिगत और सामाजिक खामियों का पता लगाते हैं। उन आदिमानवों ने सुख प्राप्त करने की अपनी सहज इच्छा से प्रेरित होकर भी इन खामियों के खिलाफ संघर्ष किया। हालाँकि प्रगति प्राप्त करने के लिए कोई व्यवस्थित तरीका उपलब्ध न होने के कारण वे बहुत कमजोर थे।

मानव अस्तित्व त्रिपक्षीय है – भौतिक, मानसिक और आध्यात्मिक। अपनी यात्रा के प्रारंभिक चरण में सुदूर अतीत के अंधेरे युग में मानव ने अकेले भौतिक और मानसिक क्षेत्रों में प्रगति की। मानव संरचना में रूपात्मक परिवर्तन अब भी हो रहे हैं और भविष्य में भी होंगे। मनुष्य भविष्य में ऐसे उल्लेखनीय परिवर्तनों से गुज़रेगा जो आज के लोगों के लिए लगभग अपरिचित होंगे। हम यह नहीं कह सकते कि उन आरंभिक मनुष्यों ने वास्तव में कोई महत्वपूर्ण आध्यात्मिक प्रगति की थी। हालाँकि उन्होंने जो भी उन्नति की, वह किसी भी तरह से महत्वहीन नहीं थी।

91. विशेषण-विशेष्य का उदाहरण **नहीं** है :
    (1) अँधेरे युग (2) मानव अस्तित्व (3) आध्यात्मिक दुनिया (4) रूपात्मक परिवर्तन

92. 'उल्लेखनीय परिवर्तन' से तात्पर्य है :
    (1) महत्वपूर्ण परिवर्तन (2) पुस्तकों में उल्लिखित परिवर्तन
    (3) पुरस्कृत परिवर्तन (4) बहुत बड़े परिवर्तन

93. मानव के कौन-से तीन पक्ष हैं ?
    (1) सांसारिक, मानसिक, आध्यात्मिक (2) भौतिक, मानसिक, सांसारिक
    (3) भौतिक, मानसिक, आध्यात्मिक (4) आध्यात्मिक, त्रिपक्षीय, भौतिक

94. उन्नति प्राप्त करने के लिए आवश्यक है कि मनुष्य :
    (1) अपनी कमियों को जान ले। (2) अपने लक्ष्य की ओर चलता रहे।
    (3) संघर्षरत रहे और विद्रोह करे। (4) अपनी खूबियों को जान ले।

95. प्रगति प्राप्त करने का व्यवस्थित तरीका किसके पास नहीं था ?
    (1) सभी अज्ञानी मानवों के पास (2) सभी अव्यवस्थित आदिमानवों के पास
    (3) आदिमानवों के पास (4) सभी मनुष्यों के पास

96. गद्यांश के आधार पर कहा जा सकता है कि :
    (1) परिवर्तन मानव जीवन का सत्य है। (2) परिवर्तन अपरिपक्वता को दर्शाते हैं।
    (3) परिवर्तन तीव्र गति से होते हैं। (4) परिवर्तन महत्वपूर्ण नहीं होते।

97. 'मानव' शब्द में किस प्रत्यय और उपसर्ग का प्रयोग संभव है ?
    (1) ईय, अन (2) इत, अ (3) ईय, सु (4) ईय, अ

98. आदिमानव ने __________ क्षेत्र में प्रगति की परंतु __________ क्षेत्र में प्रगति नहीं कर सका।

(1) भौतिक, मानसिक
(2) भौतिक, आध्यात्मिक
(3) मानसिक, भौतिक
(4) आध्यात्मिक, भौतिक

99. 'अध्यात्म' शब्द में 'इक' प्रत्यय लगाने पर शब्द बनेगा :

(1) आध्यात्मीक
(2) आध्यात्मिक
(3) आधयात्मिक
(4) अध्यात्मिक

**नीचे दी गई कविता की पंक्तियों को पढ़कर सबसे उचित विकल्प का चयन कीजिए। (100-105)**

कट गया है शीश पर
ये शीश है झुका नहीं
राही उसी का नाम है
जो राह में रुका नहीं
एक दिन प्रकाश होता है
कितना भी अंधकार हो
सत्य की विजय सदा
असत्य की हार हो।

सच्चाई साथ में रहे
कैसा भी अपना अंत हो
सत्य की विजय सदा
असत्य की हार हो।

100. समूह से भिन्न शब्द-युग्म है :

(1) सत्य - असत्य
(2) जय - पराजय
(3) प्रकाश - अंधकार
(4) हार - विहार

101. कविता में __________ पर सर्वाधिक बल दिया गया है।

(1) अंधकार
(2) सत्य
(3) राह
(4) प्रकाश

102. कविता के अनुसार राही की विशेषता है :

(1) हर तरह के मार्ग पर चलते रहना।
(2) हर परिस्थिति में विजयी रहना।
(3) हर परिस्थिति में कार्यरत रहना।
(4) हर तरह से काम निकालना।

103. कविता के अनुसार किसी भी स्थिति में :

(1) अंधकार नहीं होना चाहिए।
(2) स्वाभिमान बना रहना चाहिए।
(3) दुखी नहीं होना चाहिए।
(4) सिर नहीं कटना चाहिए।

104. 'अंधकार' __________ का प्रतीक **नहीं** है।

(1) निराशा
(2) चुनौतियाँ
(3) समाधान
(4) बुराई

105. इस कविता का मुख्य स्वर है :

(1) ओज
(2) श्रृंगार
(3) देशभक्ति
(4) तमस

106. उपचारात्मक शिक्षण किसके लिए है?

(1) उन अध्यापकों के लिए जिन्हें भाषा सीखने वाले कुछ विद्यार्थियों के लिए अपने शिक्षण में सुधार की ज़रूरत है।
(2) उन शिक्षार्थियों और अध्यापकों के लिए जिन्हें अपने शिक्षण/अधिगम युक्तियों को समझने और बदलने/सुधार लाने की ज़रूरत है।
(3) उन शिक्षार्थियों और अध्यापकों के लिए जो भाषा की परीक्षा में अधिक अंक लाना चाहते हैं।
(4) उन शिक्षार्थियों के लिए जिन्हें भाषा अधिगम के कुछ आयामों पर ध्यान देने की आवश्यकता है।

107. कक्षा 6 की शिक्षार्थी श्रेया अपने पिता के स्थानांतरण के कारण पंजाब के जालंधर से तमिलनाडु के मदुरई जाती है। वह मातृभाषा के कारण पंजाबी जानती है और विद्यालय में द्वितीय भाषा के रूप में अंग्रेजी भी जानती है। उसने अपने पडोसियों की मदद से तमिल बोलना और पढ़ना सीख लिया है। उसके द्वारा जानी गई भाषाओं के संदर्भ में कौन-सा कथन सही है?

(1) तमिल भाषा अर्जन और अंग्रेजी तथा पंजाबी भाषा अधिगम के अन्तर्गत आएगी।

(2) सभी तीन भाषाएँ पंजाबी, तमिल व अंग्रेजी भाषा अधिगम के अन्तर्गत आएगी।

(3) अंग्रेजी भाषा अर्जन और पंजाबी तथा तमिल भाषा अधिगम के अन्तर्गत हैं।

(4) पंजाबी और तमिल भाषा अर्जन है और अंग्रेजी भाषा अधिगम के अन्तर्गत आएगी।

108. निम्नलिखित में से कौन-सा विस्तृत पठन का उद्देश्य **नहीं** है?

(1) बहिर्वेशन (एक्स्ट्रापोलेशन) के लिए पठन (2) व्याकरण अधिगम के लिए पठन

(3) आनन्द के लिए पठन (4) सराहना बोध के लिए पठन

109. शिक्षण की वह विधि जिसमें अध्यापक और चार विद्यार्थी विभिन्न भूमिकाओं के साथ एक सहयोगात्मक अधिगम समूह का गठन करते हैं। पाठ्यवस्तु की विषयवस्तु पर संवाद किया जाता है, जिससे समीपस्थ विकास का क्षेत्र सृजित होता है और परिणामत: पठन बोध में सुधार होता है। इस विधि को क्या कहेंगे?

(1) पारस्परिक शिक्षण (2) संरचनात्मक उपागम

(3) मॉडल पठन (4) व्याकरण अनुवाद विधि

110. वह भाषा क्या है जिसका प्रयोग हम दिन-प्रतिदिन के लिए आमने-सामने की अंत:क्रिया के लिए करते हैं?

(1) बुनियादी अंतरवैयक्तिक सम्प्रेषण कौशल (BICS)

(2) सम्प्रेषणात्मक भाषा कौशल

(3) अन्तरवैयक्तिक भाषा निपुणता

(4) संज्ञानात्मक अकादमिक भाषा निपुणता (CALP)

111. एक शिक्षार्थी किसी विशिष्ट जानकारी प्राप्त करने के लिए समाचार पत्र से समाचार पढ़ती है। इस पठन को क्या कहेंगे?

(1) सरसरी तौर पर पठन (2) बारीकी से पठन

(3) अध्ययन कौशल (4) समालोचनात्मक चिंतन

112. मिडिल स्तर पर अध्यापन करने वाली अध्यापक एक पाठ्य सामग्री/छोटी कहानी पठन के लिए देती है और कहती है कि सत्ता एवं न्याय के दृष्टिकोण से इस पाठ्य सामग्री के अर्थ व विचारों पर चर्चा करो। अध्यापक अपने शिक्षार्थियों में किसका विकास करने की चेष्टा कर रही है?

(1) समालोचनात्मक शिक्षणशास्त्र (2) समालोचनात्मक भाषा विकास

(3) उच्च स्तरीय भाषा कौशल (4) समालोचनात्मक साक्षरता कौशल

113. व्याकरण के शिक्षण अधिगम में प्रक्रियात्मक ज्ञान क्या है?

(1) व्याकरणिक तत्वों के बारे में ज्ञान।

(2) व्याकरणिक तत्वों के नियमों को जानना।

(3) भाषा और उसकी संस्कृति को जानना।

(4) यह जानना कि व्याकरणिक प्रश्न/तत्वों को कैसे किया जाए।

114. त्रिभाषा सूत्र के बारे में कौन-सा कथन सही है?

(1) अंग्रेजी/हिंदी/घर की भाषा/स्थानीय भाषा प्रथम भाषा के रूप में।

(2) मातृभाषा/घर की भाषा/हिंदी प्रथम भाषा के रूप में।

(3) मातृभाषा/घर की भाषा/अंग्रेजी प्रथम भाषा के रूप में।

(4) मातृभाषा/घर की भाषा/क्षेत्रीय भाषा प्रथम भाषा के रूप में।

115. एक भाषा अध्यापक अंग्रेजी में कहानी सुनाती है और शिक्षार्थियों से कहती है कि उन्हें जो भी भाषा आती है, उस भाषा में यह कहानी समूह में सुनाएँ फिर कक्षा की सामान्य भाषा में यही कहानी सुनाएँ। इस शिक्षणशास्त्रीय युक्ति को किस रूप में जाना जाता है?

(1) बहुभाषिक नीति
(2) बहुभाषा शिक्षण
(3) भाषा अर्जन
(4) परभाषा व्यवहार (ट्रांसलैंग्युजिंग)

116. कोझीकोडि के एक विशेष समुदाय में बोली जा रही मलयालम इसी स्थान में दूसरों के द्वारा बोली जा रही मलयालम से थोड़ी सी भिन्न है। विशेष समुदाय द्वारा बोली जा रही मलयालम को किस रूप में जाना जाएगा?

(1) मलयालम की क्षेत्रीय बोली।
(2) मलयालम की सामाजिक बोली।
(3) ये दो भिन्न-भिन्न भाषाएँ हैं।
(4) मलयालम के दो प्रकार।

117. 'अंतरभाषिक पहचान' क्या है?

(1) शिक्षार्थी के निर्णय सहजात भाषा में कुछ और लक्ष्य भाषा में कुछ असमान होते हैं।

(2) शिक्षार्थी का यह निर्णय कि सहजात भाषा का ज्ञान द्वितीय भाषा के अधिगम में अवरोध पैदा करता है।

(3) शिक्षार्थी की यह समझ कि विभिन्न भाषाओं का अधिगम विभिन्न योग्यताओं का आधार/समआश्वासन है।

(4) शिक्षार्थी के निर्णय कुछ तो सहजात भाषा में और कुछ लक्ष्य भाषा में समान होते हैं।

118. नीचे दिया गया अधिगम कार्य शिक्षार्थियों को भिन्न-भिन्न समूहों में करने के लिए दिया गया। पता लगाए कि शब्द संपदा के अधिगम की इस गतिविधि को किस रूप में जाना जाएगा?

निम्नलिखित शब्दों से संबंधित शब्द और वाक्यों का पता लगाइए।

(परिवार) (संबंध) (भावनाएँ)

(1) शब्द समूह
(2) समूह शब्दावली
(3) शब्द जाल
(4) थीम आधारित शब्दावली

119. कक्षा सात की अध्यापिका जोड़ियों (Pairs) में कार्य करवाने वाली गतिविधि करवा रही हैं जिसमें सभी जोड़ियों (Pairs) को दस वाक्यों की कहानी पर काम करने के लिए देती है। पहली जोड़ीदार पहला वाक्य पढ़ती है और दूसरी जोड़ीदार उस वाक्य को लिखती है। अब दूसरी जोड़ीदार दूसरा वाक्य पढ़ती है और पहली जोड़ीदार उस दूसरे वाक्य को लिखती है। इस तरह से दोनों जोड़ीदार कहानी पूरी करते हैं। बाद में वे मूल कहानी से अपने लिखे हुए की तुलना करते हैं। इस गतिविधि को क्या कहेंगे?

(1) पारस्परिक श्रवण
(2) वाक्य श्रुतलेख
(3) पारस्परिक श्रुतलेख
(4) पारस्परिक लेखन

120. निम्नलिखित में से कौन-सा संकेत भाषा के बारे में सही नहीं है?

(1) संकेत भाषा प्राकृतिक भाषा है।
(2) संकेत भाषा की व्याकरण नहीं होती है।
(3) संकेत भाषा में व्याकरण होती है।
(4) संकेत भाषा के बहुत से प्रकार है।

## PART - V

## LANGUAGE - II : ENGLISH

**IMPORTANT :** Candidates should attempt questions from **Part-V (Q. No. 121-150)**, if they have opted for **ENGLISH** as **LANGUAGE-II** only.

**Read the given passage and answer the questions that follow, (121-128)**

1. The loss in earnings that farmers see due to extreme weather events or erratic seasonality is, by now, accepted as the most widely felt economic impact of climate change. Farmers were the first people to feel the impacts of climate change, which ultimately affects the country's overall agricultural output and adds to food inflation. High food prices, in turn, could result in people slashing down consumption, which adversely impacts nutritional security.

2. A significant number of farming households produce food for their own consumption. These households have given birth to an old saying : those who eat their own food are the healthiest. In countries like India, where malnutrition is high and food insecurity is a nagging constant, such households have used the home production system to remain out of this crisis. As studies point out, these households are also protected from market fluctuations, thus ensuring that they can afford healthy food. Obviously, they are not impacted by food inflation either.

3. But there are serious conversations taking place over how climate change-induced extreme weather events would impact such households. We need to understand the link between nutrition intake and household food production, and whether weather fluctuations would have any impact on this. Researchers have analysed village level data from households with their own food production and consumption, and co-related this with the local weather conditions to infer whether there was a correlation. The paper establishes that people growing their own food consume more, thus adding to nutrition levels and attaining overall food security. There was also reduction in child stunting and underweight conditions as well as women achieving a normal body mass index. These trends are more pronounced in remote villages.

**121.** Identify the parts of speech of the underlined words.

A significant number of farming households produce food for their own consumption.

(1) adverb, pronoun
(2) noun, adjective
(3) noun, pronoun
(4) adjective, pronoun

**122.** As mentioned in para 1, what is the series of events that are triggered by climate change ?

(a) increase in prices of food items
(b) detrimental effect on nutritional security
(c) extreme weather conditions
(d) reduced food consumption

(1) (c) → (a) → (d) → (b)
(2) (b) → (c) → (d) → (a)
(3) (c) → (b) → (d) → (a)
(4) (a) → (d) → (c) → (b)

**123.** Read the following sentences :

(a) A significant number of Indian households afford healthy food.
(b) Household food production has limited impact on food inflation.
(c) Food insecurity is an occasional phenomenon in India.

(1) (a) and (c) are incorrect, (b) is correct
(2) (a) and (b) are incorrect, (c) is correct
(3) (b) and (c) are incorrect, (a) is correct
(4) (a), (b) and (c) are all incorrect

124. Which statement is incorrect with regard to household food production ?
(1) Food consumption in such households was higher
(2) Women enjoyed normal body mass index
(3) Increase in number of malnourished children
(4) Nutritional intake was better

125. Some households have remained out of the crisis of food insecurity by adopting -
(1) climate change conditions
(2) protection from extreme weather conditions
(3) home production systems
(4) high food prices

126. By which word can the underlined word be replaced in the given sentence ?

'These trends are more pronounced in remote areas.'

(1) important (2) noticeable (3) ignored (4) disregarded

127. Complete the given word analogy :
local : global : : erratic : ?
(1) consistent (2) disputable (3) dependable (4) believable

128. What is correct about the health status of farmers who take to household food production ?
(1) better nutritional intake
(2) stunted growth of children
(3) women with higher body mass index
(4) children are malnourished

**Read the given extract and answer the questions that follow. (129-135)**

1. *Untouchable*, a charming French comedy about two friends who have almost nothing in common, has been a huge international success. But before the story became a cinematic sensation, how exactly did a rich French aristocrat and an Algerian immigrant with a criminal past become good friends ? Philip and Abdul first met in Paris in 1993 when Philip was looking for a nurse. He was from a very wealthy family. At one time he had been a successful business man, living a life of great luxury. Then he had a terrible paragliding accident and lost the use of his arms and legs. Life in a wheelchair was lonely and boring. Philip was struggling to imagine the future, and he needed practical help with his day-to-day life.

2. Philip interviewed more than 80 people for the job of a nurse. But none of them seemed right. Then he met Abdul, who had quit a life of crime in Algeria and moved to France to look for work. He was lively, intelligent and quick-thinking, with a crazy sense of humour. Philip got on with Abdul immediately, and he offered him the job. The two men didn't have much in common. Abdul loved pop music, but Philip preferred classical music. Philip loved modern art, but Abdul hated it. Philip's family was sure that he had made a bad choice. They believed that Philip needed someone much more sensible. Meanwhile, Abdul wasn't planning on staying in the job for long.

3. However, their working relationship quickly developed into a close friendship. Abdul gave Philip the support he needed. More importantly, his energy and sense of humour brought fun and excitement back into Philip's life. Abdul helped Philip make trips to other countries. Both of them now live in different countries, each with a wife and family. They keep in touch regularly. All that really matters to their friendship, though, it is their shared love of laughter and adventure.

129. Which aspect of Abdul's personality is **not** true ?
(1) He was quick-witted and supportive.
(2) He shared a close rapport with his employer.
(3) He preferred listening to classical music.
(4) He had a criminal past record.

130. What bound the two very different men together for years ?

(1) warm friendship
(2) love for music
(3) their immigration status
(4) their love for adventure sports

131. Complete the given word analogy :

Luxury : opulence : : sensation : ?

(1) callousness
(2) feeling
(3) suspicion
(4) disaster

132. Read the sentences given below :

(a) 'Untouchable' is a French comedy movie.
(b) The theme revolves around 2 friends, Philip and Abdul, who have similar tastes.
(c) The movie was a huge success in France and Algeria.

(1) (a) and (c) are correct, (b) is incorrect
(2) (b) and (c) are incorrect, (a) is correct
(3) (a) and (b) are correct, (c) is incorrect
(4) (a), (b) and (c) are all incorrect

133. Why did Philip need a nurse ?

(1) To help him with day-to-day practical things of life.
(2) To listen to classical music together.
(3) To resolve Abdul's immigration status.
(4) To wipe out Abdul's criminal past.

134. Abdul migrated to France to -

(1) run away from the Algerian police
(2) listen to pop music
(3) search for employment
(4) work in the movie industry

135. Identify the parts of speech of the underlined words.

However, their working relationship quickly developed into a close friendship.

(1) verb, adverb
(2) adjective, verb
(3) noun, adverb
(4) adjective, adverb

136. What is 'Translanguaging' ?

(1) It refers to understanding how languages change over the period of time.
(2) It is a pedagogical process of using more than one language as resources in a classroom.
(3) It is language-in-education policy on how many languages are to be taught in a school.
(4) It refers to moving from one language to another language while teaching-learning languages.

137. Declarative knowledge is ________

(1) knowledge about the grammatical item.
(2) knowing how to identify an error in a grammatical item.
(3) knowing how to do the grammatical item.
(4) knowing to pronounce word in a language.

138. A teacher of class VI brought items like spoon, plate, utensils, boxes and pan to her classroom to teach vocabulary from there writing a description of objects in kitchen. What are these objects known as in language teaching ?

(1) Realia (2) Cooking items

(3) Real life tasks (4) Teaching materials

139. Which of the following methods advocates oral drilling and 'mastery of the formal properties of language' as essential for language learning ?

(1) Communicative language teaching

(2) Grammar translation method

(3) Total Physical Response

(4) Audiolingualism

140. Here is a question. Read and find out which typology of question it belongs to.

Having read the story of the little girl, you feel moved by her suffering and courage to face the trouble. You would write a letter to the little girl appreciating her. Write the letter in about 120 words.

(1) Long answer question (2) Extrapolative question

(3) Discursive question (4) Expressive questions

141. Which one of the following is **true** of the three language formula ?

(1) All children begin their schooling in their state language and move on to add at least two more languages by the time they complete their high school.

(2) All children begin their schooling in the official language, Hindi and move on to add at least two more languages by the time they complete their high school.

(3) All children begin their schooling in their mother tongue/home language and move on to add at least two more languages by the time they complete their high school.

(4) All children begin their schooling in the medium of English/home language and move on to add at least two more languages by the time they complete their high school.

142. Which of the following is NOT true of National Education Policy 2020 on language education ?

(1) Study of mother tongue/home language under three language formula.

(2) Study of Indian languages under three language formula.

(3) Study of English as language under three language formula.

(4) Study of a classical language under three language formula.

143. Which one of the following statements is **true** of language learning ?

(1) Knowledge of the native/first language has nothing to do in the learning of second language.

(2) Knowledge of the native/first language supports in the learning of second language.

(3) First language learning and second language are completely distinct.

(4) Knowledge of the native/first language interferes in the learning of second language.

144. Learners in a class of Social Science try to capture the main ideas of the classroom lecture and make point of the lecture. What is this skill known as ?

(1) Listening skill (2) Writing skill (3) Cognitive skill (4) Study skill

145. Which of the following processes involved for learning to write well in a language ?

(1) Braining storming - jotting down points - writing the draft - making an outline - editing - finalising.

(2) Braining storming - jotting down points - writing the draft - editing - making an outline - finalizing.

(3) Braining storming - jotting down points - making an outline - writing the draft - editing - finalising.

(4) Braining storming - making an outline - drafting - jotting down points - editing - finalizing.

146. This refers to the proficiency in academic language or language needed for various content areas.

(1) Basic Interpersonal Communication Skills (BICS)

(2) Communicative language proficiency

(3) Cognitive Academic Language Proficiency (CALP)

(4) Inter-language proficiency

147. Elam is a student of class VII is able to speak four languages, Kannada, Marathi, Hindi and English. He uses all the four languages freely when he speaks to his parents at home and in school he uses Hindi, Kannada and English as these are the language known to his friends and teachers. What is this practice known as ?

(1) Code-meshing (2) Code-moving

(3) Interlanguage (4) Translingual ability

148. Here is a situation where students were exposed to the opposite perspective of the subject under consideration to allow them to further understand it. What does this process attempt to promote among learners ?

(1) Process based pedagogy (2) Critical Literacy

(3) Literacy development (4) Critical analysis

149. A teacher in class VIII read out a text of five sentences in English twice and asked her learners to listen to the text carefully. Then she asked them to work in group of four to recreate text nearer to the one read out, not exactly the same. What is this activity known as ?

(1) Paragraph Dictation (2) Collective Dictation

(3) Listening task (4) Writing task

150. Learning Outcomes attempt to enable learner to :

(1) attain the competencies in measurable terms.

(2) attain minimum levels of learning of all skills.

(3) attain language components in measurable terms.

(4) attain the grammatical knowledge in measurable terms.

## भाग - V

## भाषा - II : हिन्दी

**महत्वपूर्ण** : परीक्षार्थी भाग-V ( प्र.सं. 121 से 150 ) के प्रश्नों के उत्तर केवल तभी दें यदि उन्होंने भाषा-II का विकल्प **हिन्दी** चुना हो।

निम्नलिखित **गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों** के सही **/सर्वाधिक उपयुक्त विकल्प का चयन कीजिए।** (121-128)

हाल ही में मेडिकल इंडस्ट्री के एक जानकार दावा कर रहे थे कि भविष्य में डॉक्टरों सर्जनों की जरूरत भी कम होने वाली है। एआई के जरिए लक्षणों को समझा जाएगा। आपकी केस हिस्ट्री एआई को पता होगी। ताजा हालत पूछ ली जाएगी और प्रिस्क्रिप्शन आपके हाथ में होगा। शारीरिक श्रम से जुड़े कामों पर शायद सबसे कम असर पड़ने वाला है। यह समझने का वक्त है कि एआई से फायदे होंगे या नुकसान। अभी तो इस नकली बुद्धिमता को इंसान ने ही जन्म दिया है। उसका नियंत्रण है, लेकिन एआई वरदान ही रहे और भस्मासुर न बने, उसके लिए यह सोचने की जरूरत भी है कि मानवीय बुद्धिमता के स्तर को इतना ऊँचा कैसे उठाया जाए कि एआई उस पर हावी न हो सके। अब अगर चैट जीपीटी बनाया है तो फिर पढ़ाई-लिखाई और इम्तहानों का वह तरीका कौन सा हो, जो बिना एआई के युवाओं और बच्चों के बौद्धिक स्तर को परख सके।

यह सवाल ऐसे हैं जिनके जवाब दे पाना मुश्किल है, पर नजर जरूर रखनी चाहिए। वैज्ञानिकों को भी तय करना चाहिए कि एआई ऐसी हो जो इंसानियत फैलाने में मददगार हो।

**121.** एआई से शिक्षा जगत भी प्रभावित होगा। यह प्रभाव :

(1) अधिक होगा (2) नकारात्मक होगा (3) शून्य होगा (4) सकारात्मक होगा

**122.** समूह से भिन्न शब्द है :

(1) चाय - वाय (2) पढ़ाई - लिखाई (3) रात - दिन (4) कंकड़ - पत्थर

**123.** 'एआई' का अर्थ है :

(1) एपल इंस्टीट्यूशन (2) एपल इंटेलीजेंस
(3) आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस (4) आर्टिफिशियल इंस्टीट्यूट

**124.** गद्यांश के आधार पर कहा जा सकता है कि एआई ऐसी होनी चाहिए जो :

(1) बिना बुद्धि के सारे जवाब दे दे। (2) मानवीय क्षमताओं को कम करे।
(3) मानवीय गुणों का संस्कार दे। (4) कम समय में अधिक कार्य करे।

**125.** एआई को जन्म देने वाला कारक है :

(1) मानव (2) आवश्यकता (3) तकनीक (4) सभ्यता

**126.** 'मानवीय' शब्द में प्रत्यय है :

(1) इय (2) वीय (3) य (4) ईय

**127.** एआई शारीरिक श्रम से जुड़े कार्यों पर संभवतः सबसे कम प्रभाव डाले। इससे कौन-सा कार्य प्रभावित नहीं होगा ?

(1) आविष्कार (2) चिकित्सा (3) शिक्षण (4) खेती-बाड़ी

**128.** चिकित्सा से जुड़े कार्य करने में एआई भविष्य में क्या सहयोग करेगा ?

(1) अस्पतालों की संख्या बहुत बढ़ा देगा। (2) डॉक्टरों को जाँच देगा।
(3) केस हिस्ट्री बना देगा। (4) अस्पतालों की संख्या कम कर देगा।

**निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के सही /सर्वाधिक उपयुक्त विकल्प का चयन कीजिए। (129-135)**

प्रश्न उठता है कि प्राण का शरीर के साथ बेहतर तालमेल कैसे बैठाकर रखा जाए। ऐसा क्या करें कि प्राण शरीर के हर अंग की तरफ संतुलित और व्यवस्थित होकर बहे। देखा जाए तो बीमारी और कुछ भी नहीं, बल्कि प्राण का उस अंग विशेष में असंतुलित हो जाना ही है। स्वास्थ्य का अर्थ ही होता है – प्राण का समुचित तरीके से समस्त अंगों की तरफ बहना। योग में इस प्राण को बल देने के लिए अनेक अभ्यास हैं। इनके जरिए हम अपने प्राण को रोज बल दे सकते हैं और शरीर में होने वाली बीमारियों की रोकथाम कर सकते हैं। यह प्राण केवल हमारे शरीर की ही संभाल नहीं करता, यह मन, बुद्धि आदि प्रत्येक आयाम को जीवन देता रहता है।

129. विशेषण शब्द का उदाहरण नहीं है :

(1) व्यवस्थित (2) संतुलित (3) स्वस्थ (4) स्वास्थ्य

130. प्राण वायु को सशक्त बनाने के अभ्यास ________ में है।

(1) शिक्षक (2) शिक्षा (3) योग (4) चिकित्सक

131. प्राण वायु शरीर के हर अंग में संतुलित और ________ होकर बहती है।

(1) मंद-मंद (2) व्यवस्थित (3) अव्यवस्थित (4) उत्तेजित

132. 'बुद्धि' में 'इक' प्रत्यय लगने पर शब्द बनेगा :

(1) बौद्धीक (2) बुद्धिक (3) बौद्धिक (4) बोद्धिक

133. जीवन के लिए सर्वाधिक महत्वपूर्ण है :

(1) प्राण और शरीर का सामंजस्य।
(2) योग के माध्यम से प्राणायाम करना।
(3) प्राण के माध्यम से योग करना।
(4) प्राण और शरीर का दीर्घायु होना।

134. अच्छे स्वास्थ्य का संबंध ________ से है।

(1) बीमारियों के अभाव (2) अच्छे शरीर (3) प्राण वायु (4) योगाभ्यास

135. रोग का कारण है :

(1) अपने शरीर की उचित देखभाल न करना
(2) प्राण वायु का बहुत अधिक बढ़ जाना
(3) प्राण वायु का अंग विशेष में असंतुलन
(4) योग के माध्यम से शारीरिक शक्ति घटाना

136. निम्नलिखित में से कौन-सी प्रक्रियाएँ भाषा को अच्छी तरह से लिखना सीखने में शामिल है?

(1) मानस मंथन – मुख्य बिन्दु नोट करना – रूपरेखा तैयार करना – प्रारूप लिखना – संपादन – अन्तिम स्वरूप देना
(2) मानस मंथन – रूपरेखा तैयार करना – प्रारूपण – मुख्य बिन्दु नोट करना – संपादन – अन्तिम स्वरूप देना
(3) मानस मंथन – मुख्य बिन्दु नोट करना – प्रारूप लिखना – रूपरेखा तैयार करना – संपादन – अन्तिम स्वरूप देना
(4) मानस मंथन – मुख्य बिन्दु नोट करना – प्रारूप लिखना – संपादन – रूपरेखा तैयार करना – अन्तिम स्वरूप देना

137. निम्नलिखित में से त्रिभाषा सूत्र के संबंध में कौन-सा कथन **सही** है ?
(1) सभी बच्चे अपनी विद्यालयी शिक्षा मातृभाषा/घर की भाषा में शुरू करते हैं और दसवीं पूरी करने तक कम से कम दो और भाषाएँ सीखते हैं।
(2) सभी बच्चे अपनी विद्यालयी शिक्षा अंग्रेजी माध्यम/घर की भाषा में शुरू करते हैं और दसवीं पूरी करने तक कम से कम दो और भाषाएँ सीखते हैं।
(3) सभी बच्चे अपनी विद्यालयी शिक्षा अपने राज्य की भाषा में शुरू करते हैं और दसवीं पूरी करने तक कम से कम दो और भाषाएँ सीखते हैं।
(4) सभी बच्चे अपनी विद्यालयी शिक्षा राज्य भाषा हिंदी में शुरू करते हैं और दसवीं पूरी करने तक कम से कम दो और भाषाएँ सीखते हैं।

138. घोषणात्मक ज्ञान क्या है ?
(1) किसी व्याकरणिक तत्व पर कैसे कार्य किया जाए, यह जानना।
(2) किसी भाषा के शब्द का उच्चारण करना जानना।
(3) व्याकरणिक तत्वों के बारे में ज्ञान।
(4) व्याकरणिक तत्वों में त्रुटि की पहचान करना सीखना।

139. सामाजिक विज्ञान की कक्षा में शिक्षार्थी कक्षा में दिए जा रहे वक्तव्य से मुख्य बिन्दु समझने की कोशिश कर रहे हैं और मुख्य बिन्दु लिख रहे हैं। इस कौशल को क्या कहेंगे ?
(1) संज्ञानात्मक कौशल (2) अध्ययन कौशल (3) श्रवण कौशल (4) लेखन कौशल

140. अधिगम प्रतिफल शिक्षार्थियों को समर्थ बनाते हैं -
(1) भाषागत तथ्यों को मापन के संदर्भ में प्राप्त करना
(2) व्याकरणिक ज्ञान को मापन के संदर्भ में प्राप्त करना
(3) दक्षताओं को मापन के संदर्भ में प्राप्त करना
(4) सभी कौशलों के अधिगम के न्यूनतम स्तरों को प्राप्त करना

141. कक्षा आठ की अध्यापिका एक पाठ्य सामग्री के पाँच वाक्यों को दो बार अंग्रेजी में पढ़ती है और शिक्षार्थियों को ध्यानपूर्वक सुनने के लिए कहती है। इसके बाद वह शिक्षार्थियों को चार-चार के समूह में काम करने के लिए कहती है कि वे पढ़ी गई पाठ्य सामग्री का पुनर्लेखन करें जो एकदम मूल जैसा ना हो। इस गतिविधि को क्या कहेंगे ?
(1) श्रवण कार्य (2) लेखन कार्य (3) अनुच्छेद श्रुतलेख (4) सामूहिक श्रुतलेख

142. कक्षा सात का विद्यार्थी ऐलम कन्नड़, मराठी, हिंदी और अंग्रेजी चार भाषाएँ जानता है। घर में जब वह अपने माता-पिता के साथ बात करता है तो प्रवाह के साथ चारों भाषाएँ बोलता है और विद्यालय में वह हिंदी, कन्नड़ तथा अंग्रेजी बोलता है क्योंकि उसके मित्र व अध्यापकों को यही भाषाएँ आती हैं। इस स्थिति को किस रूप में जाना जाएगा ?
(1) अन्तरभाषा (इंटरलैंग्युएज) (2) परभाषिक (ट्रांसलिंग्युल) योग्यता
(3) कोड जाल (कोड मैशिंग) (4) कोड से आगे जाना (कोड मूविंग)

143. निम्नलिखित में से कौन-सी विधि भाषा अधिगम के लिए ड्रिल और 'भाषा के औपचारिक गुणधर्म में निपुणता' को आवश्यक रूप की तरह अनुशंसा करती है ?
(1) कुल भौतिक प्रतिक्रिया (2) श्रव्य भाषावाद
(3) सम्प्रेषणात्मक भाषा शिक्षण (4) व्याकरण अनुवाद विधि